दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 14 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 8 अंक : 367 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## यूपी उपचुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा की हाईलेवल मीटिंग



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं। सूबे की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और समाजवादी पार्टी (सपा) मुख्य रूप से आमने- सामने नजर आ रही है। हालांकि अभी तक चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है।

आगामी उपचुनाव को लेकर आज यानी रविवार को उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक होने की संभावना है। इस हाईलेवल मींटिग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा, सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और प्रदेश संगठन महासचिव धर्मपाल सिंह शामिल हो सकते हैं।

**मीटिंग में आगामी उपचुनावों पर होगी चर्चा :** माना जा रहा है कि इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी उपचुनावों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले झटके पर भी चर्चा होने की संभावना है। लोकसभा चुनाव 2024 में सपा और कांग्रेस का गठबंधन था। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती 62 सीटों की तुलना में केवल 33 सीटें ही जीत सकी।




# डासना महापंचायत के दौरान हुआ जमकर हंगामा

## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हिंदू संगठनों ने छह सूत्रीय ज्ञापन भेजा, दिया छह दिन का अल्टीमेटम

### आज भी हो सकता है कमिश्नरेट में प्रदर्शन व घेराव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के बाहर नेशनल हाईवे पर तीन घंटे तक जमकर हंगामा चला। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर सहित अन्य नेताओं को पुलिस ने देवी मंदिर मार्ग पर प्रवेश नहीं करने दिया। महापंचायत को लेकर सुबह से ही पूरे डासना-वेव सिटी इलाके के मार्ग और देवी मंदिर को जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह पुलिस ने बैरिकेडिंग करने के साथ ही भारी संख्या में पुलिस का डेप्लॉयमेंट कर रखा था। सुबह से ही डासना देवी मंदिर मार्ग पर आने वाले लोगों को रोककर पुलिस हिरासत में ले रही थी। साथ ही स्थानीय लोगों को आने-जाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं मीडियाकर्मियों को भी डासना गांव में प्रवेश लेने में परेशानियां आई। महापंचायत को लेकर दोपहर करीब 12:30 के बीच बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और बैरिकेडिंग तोड़कर मंदिर की तरफ जाने का प्रयास किया ,तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। तो वहीं भीड़ विधायक नंदकिशोर गुर्जर और चेतनामां सहित अन्य हिंदू संगठनों के साथ एनएच-09 पर बैठ गए। एनएच-09 पर ही महापंचायत हुई और महापंचायत में निर्णय लिया गया है, जिसमें 6 मांगे रखी गई हैं। इस दौरान पुलिस ने धारा-163 का उल्लंघन करने, माहौल खराब करने और पुलिस के रास्ते को रोकने के दौरान 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। महापंचायत को लेकर अभी आने वाले दिनों में क्या स्थिति रहती है यह देखना होगा।



### महापंचायत में पहुंचे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर



करंट क्राइम। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डासना में होने वाली महापंचायत में शामिल होने का ऐलान किया था। रविवार को वह महापंचायत में शामिल भी हुए हालांकि वहां मौजूद पुलिस बल ने उनको डासना देवी मंदिर तक नहीं पहुंचने दिया। वह हिंदू संगठनों के समर्थन के लिए नेशनल हाईवे पर ही बैठ गए। इस दौरान उन्होंने पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध किया। साथ ही कहा कि जिस तरीके से सनातन धर्म पर हमला करने वालों पर पुलिस मेहरबान है, वह ठीक नहीं है।

### महापंचायत में हिंदू संगठनों ने जुटाई भीड़, पर सफल नहीं हो सका कार्यक्रम



करंट क्राइम : रविवार 13 अक्टूबर को डासना देवी मंदिर पर हिंदू संगठनों ने 36 बिरादरियों को आमंत्रित किया था। इसके साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई अलग-अलग जिलों से अलग-अलग हिंदूवादी संगठन के नेता और कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे थे। पुलिस ने इन लोगों को रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग, बस, ट्रक और पुलिस फोर्स लगाकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन दोपहर तक यह लोग एनएच-09 पर बड़ी संख्या में जमा हो गए थे। प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़क जाम कर दी गई और नेशनल हाईवे पर ही तीन घंटे तक भीड़ जमा रही। इस दौरान लंबा जाम लग गया, साथ ही पुलिस द्वारा महापंचायत के अनुमति नहीं दी गई थी, तो वहीं हिंदू संगठनों ने भीड़ भी जुटाने का संदेश दिया। रविवार को प्रदर्शन हुआ तो पुलिस ने लाठीचार्ज का प्रयोग किया है। वहीं आरोप है कि मंदिर के गेट पर साधु संतों के साथ भी पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्रता एवं आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

### एंबुलेंस और दवाइयां भी नहीं ले जाने का लगाया पुलिस पर आरोप

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस और डॉ. बीपी त्यागी की नोकझोंक भी रविवार को देखने में आई है। वह एंबुलेंस में




दवा लेकर जा रहे थे, उनका कहना था कि उन्होंने देवी मंदिर पर मेडिकल कैंप लगाना हैं लेकिन उन्हें जाने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों का नाम लेते हुए कहा कि उनको व्हाट्सएप पर परमिशन भेजी गई है लेकिन पुलिस ने धारा-163 का हवाला देते हुए डॉक्टर को भी नहीं जाने दिया। इस पर डॉ. बीपी त्यागी ने कहा कि यह आपत्तिजनक है। वह दवाइयां से भरा डिब्बा सिर पर रखकर मंदिर की ओर जाने लगे तो, इस दौरान उन्होंने पुलिस ने रोक लिया था।

### महापंचायत में रखी गई यह छह मांगें

करंट क्राइम : डासना देवी मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर हुई महापंचायत में हिंदू संगठनों और वहां जुटे लोगों ने भारत में मौजूद 10 करोड़ से अधिक रोहिंगिया और बांग्लादेश के



मुसलमान को चिन्हित कर तुरंत देश से भगाए जाने की मांग की है। इन लोगों का कहना है कि विपक्ष के द्वारा वोट बैंक बनाकर दिल्ली आसपास के क्षेत्र में बसाया जा रहा है। साथ ही डासना मंदिर पर हमले के आरोपियों पर एनएसए के तहत कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई है। मंदिर पर होने वाले हमले को रोकने के लिए देशभर में कठोर कानून बनाए जाने और ऐसे केसों को फास्ट्रेक कोर्ट से सजा सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी के साथ प्रतिनिधि मंडल की बैठक के बाद मामला सुलझ गया था लेकिन प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने बाहर निकलने पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश पुलिस द्वारा कराया गया, यह विपक्ष के इसारे पर करवाई है। सरकार को बदनाम करने का भी कुछ अधिकारी प्रयास कर रहे हैं।

### मीडियाकर्मी भी हुई घायल, छात्रों को भी पीटने का आरोप

करंट क्राइम : डासना में महापंचायत को लेकर मीडिया कवरेज करने बड़ी संख्या पत्रकार पहुंचे थे। इस दौरान नोएडा से आई एक निजी खबरिया चैनल की महिला पत्रकार को चोट और कपड़े फटे जाने की जानकारी सोशल मीडिया की वीडियो के माध्यम से बाहर आई। वहीं महिला पत्रकार ने ट्विटर पर पूरे मामले पर आपत्तिजन और पुलिस की करवाई को लेकर नाराजगी वाला ट्वीट भी किया था। साथ ही विधायक लोनी ने भी इस पूरे मामले की निंदा की।



### 6 दिन का दिया गया है अल्टीमेटम

करंट क्राइम : महापंचायत में हिंदू संगठनों के बीच ड्यूटी और फिर पुलिस ने लाठीचार्ज वाली कार्रवाई की है। उसके बाद हिंदू संगठनों ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को देते हुए 6 दिन का अल्टीमेट दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर छह दिन में पूरा मामला खत्म नहीं होता है या उनकी मांगे नहीं मानी जाती हैं, तो वह फिर दोबारा से आंदोलन और महापंचायत की तैयारी करेंगे।

### भारी संख्या में की गई थी पुलिस की तैनाती



करंट क्राइम : रविवार को डासना में होने वाली महापंचायत को लेकर भारी संख्या में देहात जोन के अलग-अलग थानाक्षेत्र से फोर्स को डासना और उसके आसपास के इलाकों में तैनात किया गया था। सूत्रों से जानकारी मिली है कि डासना देवी मंदिर की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस ने बैरिकेडिंग करने के साथ ही बड़े वाहनों को लगा दिया था। इसके साथ ही आरआरएफ व पीएसी भी पुलिस के साथ मौजूद रही। इस दौरान एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, आईपीएस अधिकारी व एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच के साथ ही कई थानों के प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारी और महिला पुलिस बल मौजूद रहा।

### उदिता त्यागी ने दी आमरण अनशन की चेतावनी



करंट क्राइम : शिव शक्ति धाम डासना की महापंचायत में आने वाले हिंदुओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और निर्दोष हिंदुओं को जेल भेजने से आहत डॉ. उदिता त्यागी ने कहा है कि अगर सोमवार सुबह तक सभी सन्यासियों और हिंदुओं को पुलिस द्वारा रिहा नहीं किया गया, तो वह पुलिस के अधिकारी के आवास के बाहर आमरण अनशन करेगीं। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

### क्या महापंचायत करने वालों पर पुलिस दर्ज करेगी मुकदमा

करंट क्राइम : सूत्रों से जानकारी मिली है कि महापंचायत की अनुमति न होने के बावजूद वहां महापंचायत, प्रदर्शन और रोड जाम करने के मामले को लेकर थाना वेव सिटी पुलिस अज्ञात और कुछ नामजद लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सकती है। इसको लेकर अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया है। बता दें कि 29 सितंबर से शुरू हुए मामले को लेकर लगातार तकरार वाली स्थिति बनी हुई है। देखना होगा कि यह मामला कब जाकर शांत होता है।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खून पर रखे अपने क्रान्तिकारी विचार

# कहा-अगर डीएनए एक होता तो ना राम मंदिर तोड़ा गया होता, ना काशी-मथुरा में मंदिर तोड़े गये होते



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद से भाजपा विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा यूं तो अपनी सौम्यता के लिए पहचाने जाते हैं। उनके मुख से क्रान्तिकारी शब्दों का उच्चारण कभी सुनने को नहीं मिलता है। मगर ये भी सच है कि सनातन संस्कृति और उसके विचार उनके मुख मंडल से अक्सर सुनाई दे जाते हैं। मंच कोई भी हो वह वहां पर सनातन संस्कृति के विचारों का जरूर स्थान देते हैं। शनिवार को रामलीला के मंचन पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कुछ ऐसा कहा कि जिसके बाद उनके शब्द सुर्खियों में छा गये।

गाजियाबाद की मुरादनगर रामलीला में सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। यहां पर जैसे ही उन्होंने माईक संभाला। वैसे ही उनके शब्दों में फायर दिखाई दी। उन्होंने कहा कि खून तो सबका लाल है लेकिन हमको ये बताया गया है कि डीएनए सबका एक है। इस बात पर मंत्री सुनील शर्मा ने अपने ना इत्तेफाकी वाले शब्दों को जाहिर किया। बोले कि अगर डीएनए एक होता तो ना अयोध्या में राम मंदिर तोड़ा गया होता और ना ही काशी-मथुरा में मंदिर तोड़े गये होते। उन्होंने जनता से कहा कि अपनी संतानों के अंदर हिंदुत्व की भावना जागृत करो। नहीं तो जो आज रामलीला हो रही है ये भविष्य में बंद हो जायेगी।

### मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनाने की क्या जरूरत पड़ी

करंट क्राइम। रामलीला के मंच पर मंत्री सुनील शर्मा यहां पर भी नहीं रूके। उन्होंने सार्वजनिक रूप से माईक पर कहा कि हमें बताया गया है कि सबका खून लाल है। अगर ऐसा है तो फिर राम मंदिर क्यों तोड़ा गया। अगर सबका खून एक जैसा था तो इस देश में तीन हजार से ज्यादा मंदिर क्यों तोड़े गये। मस्जिद तो बिना मंदिर तोड़े बन सकती थी। अगर मस्जिद बनानी थी तो बहुत भूमि थी। देश की आबादी तब दस-बारह करोड़ ही थी। मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के पीछे का मतलब क्या है। ये सवाल कैबिनेट मंत्री ने जनता के सामने छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि जो असुर होते हैं वो कभी सीता का हरण करते हैं तो कभी मंदिरों को ध्वस्त करते हैं। हमको देवियों-शक्तियों को जागृत करना होगा। हमें अपनी संतानों को बताना होगा कि खून सबका लाल है मगर डीएनए सबका एक नहीं है। दैनिक करंट क्राइम से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि उन्होंने जो कुछ कहा है वह कोई भड़काऊ बात नहीं है। संस्कृति और सनातन की रक्षा के लिए हमें इतिहास को जानने की जरूरत है। हमें अपनी संतानों में हिंदुत्व की भावना को जागृत करना होगा।

## राष्ट्रपति के साथ सांसद अतुल गर्ग हुए 3 अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ 3 अफ्रिकी देशों की सात दिवसीय यात्रा पर रविवार को रवाना हो गये। उन्होंने दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के साथ दिल्ली से राष्ट्रपति के साथ प्रस्थान किया।

गौरतलब है कि इस यात्रा में राष्ट्रपति के साथ केन्द्रीय शिक्षा राजयमंत्री डॉ सुकांत मजमुदार और सूरत के सांसद मुकेश लाल भी शामिल हैं। गाजियाबाद के सांसद का इस यात्रा में शामिल होना एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। ये गाजियाबाद के लिए भी गर्व की बात बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार तीन देशों की इस यात्रा में अफ्रिकी देशों के साथ सांस्कृतिक, शिक्षा और राजनीतिक विषयों पर चर्चा होगी। ये यात्रा अल्जीरिया, मलावी और मौरीटानिया देशों में आयोजित की गई है। यहां पर राष्ट्रपति के साथ सांसद अतुल गर्ग भारत के राजनीतिक रिश्तों को इन देशों के साथ मजबूत करने के लिए अपने विचार वहां के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। गौरतलब है कि अतुल गर्ग को इन दिनों सरकार एवं संगठन में काफी मजबूत दायित्व दिये जा रहे हैं।



## न्यूज डायरी

### पीएम के खिलाफ बयान मामला थरूर की अर्जी पर कल सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में पीएम नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई उनकी शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया गया था। 10 सितंबर को थरूर की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ दायर मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

### अभिनेत्री को बदनाम करने पर 3 मलयालम कलाकारों पर केस

**केरल।** केरल में अपने यूट्यूब चैनलों के माध्यम से एक अभिनेत्री को बदनाम करने के आरोप में तीन मलयालम कलाकारों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि टीवी और फिल्म अभिनेत्री बीना एंटोनी, उनके अभिनेता-पति मनोज और अभिनेत्री स्वासिका पर अभिनेत्री का अपमान करने के भी आरोप हैं। नेदुम्बसेरी पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने हाल ही में न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट जारी होने के बाद मलयालम सिनेमा के कुछ प्रमुख अभिनेताओं के खिलाफ आरोप लगाए थे, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।

### महाराष्ट्र में उठी रावण दहन की प्रथा बंद करने की मांग

**मुंबई।** अकोला जिले के सांगोला गांव में दशहरे के दिन शनिवार को एनसीपी अजीत गुट के विधायक अमोल मिटकरी ने रावण की पूजा की और रावण दहन की प्रथा बंद करने की मांग की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज एवं ग्रामीण उपस्थित थे। पिछले साल विधायक मिटकरी ने रावण मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख रुपये देने का प्रस्ताव रखा था। हंगामा खड़ा होने के बाद उन्हें निर्णय वापस लेना पड़ा था। ब्यूरो

### रत्नागिरी में आरएसएस के जुलूस के दौरान तनाव, दो मामले दर्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक जुलूस के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की ओर से नारे लगाने के बाद तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हमने शिकायतों के आधार पर दो मामले दर्ज किए हैं। पांच आरोपियों की पहचान कर ली गई है और हमने उन्हें नोटिस जारी कर दिया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सुभाष गुप्ता बने सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में भारत के उच्चायुक्त

सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष प्रसाद गुप्ता को सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में देश के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 2006 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। इस साल जुलाई में गुप्ता को सूरीनाम में देश का राजदूत नियुक्त किया गया था।

### असम में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया




**असम।** असम के उत्तर-मध्य हिस्से में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने इसकी जानकारी दी। सेंटर के अधिकारियों ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई है। उन्होंने कहा कि भूकंप सुबह 7:47 बजे ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर उदलगुरी जिले में 15 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया था। भूकंप के केंद्र का सटीक स्थान गुवाहाटी से लगभग 105 किमी उत्तर में और तेजपुर से 48 किमी पश्चिम में असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास है। पड़ोसी दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिस्वनाथ जिलों में भी लोगों को झटके महसूस हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप पश्चिमी अरुणाचल प्रदेश के साथ-साथ पूर्वी भूटान के कुछ इलाकों में भी महसूस किया जा सकता है। किसी के घायल होने या किसी संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है।

### मणिपुर में उग्रवादी संगठन पीआरईपीएकेके दो कैडर गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) के दो कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। ये दोनों कैडर कथित तौर पर राज्य की राजधानी इंफाल में व्यापारियों से जबरन वसूली में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार को गिरफ्तारी के दौरान उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार रखेंगे नासिक के मंदिर के पुजारी वक्फ संशोधन विधेयक पर नासिक के एक मंदिर के मुख्य पुजारी, तीन वकील और एक मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधि सोमवार को संसदीय पैनल के समक्ष अपने विचार साझा करेंगे। संसद की संयुक्त समिति जमीयत उलेमा-ए-हिंद, दिल्ली और गोवा स्थित सनातन संस्था के प्रतिनिधियों को सुनने के लिए सोमवार और मंगलवार को दिल्ली में बैठक करेगी। पैनल नासिक के श्री कालाराम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सुधीरदास महाराज, वकील अश्विनी उपाध्याय, विशु शंकर जैन और अमिता सचदेवा के विचारों को सुनेगा। इसके अलावा कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपदी को भी राय साझा करने का मौका दिया जाएगा।

### मुंबई में खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल से कार शेड में प्रवेश करते समय रविवार दोपहर एक खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे पश्चिमी रेल खंड की ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, क्योंकि दोपहर 12 बजकर 10 मिनट के आसपास जब ट्रेन पटरी से उतरी तब वह खाली थी। उन्होंने बताया कि घटना के कारण उपनगरीय सेवाएं को बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच दादर की ओर जाने वाली सेवाएं बाधित हुई हैं। इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेनों को फास्ट लाइन पर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिब्बों को पटरी पर लाने और सेवाएं बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

### जेल में पर्याप्त चिकित्सा और देखभाल न मिलने के कारण हुई साईबाबा की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा (57) का हैदराबाद में निधन हो गया। अब उनकी मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। एक गैर सरकारी संगठन नेशनल प्लेटफार्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड ने दावा किया है कि लंबे समय तक कारावास और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण साईबाबा की बीमारियां बढ़ गईं थी। जिसके चलते उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। बता दें कि इस साल मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने साईबाबा को माओवादी संबंधों को लेकर यूएपीए मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। इसके पहले उन्होंने 10 वर्षों तक जेल में रहे।

एनजीओ ने कहा कि कैद के दौरान साईबाबा को रीढ़ की हड्डी और तंत्रिका तंत्र संबंधी बीमारियों से जूझना पड़ा। इतना ही नहीं गिरफ्तारी के दौरान लगी चोटों के कारण उनके एक हाथ ने भी काम करना बंद कर दिया था। इसके अलावा, वे गॉल ब्लेडर की पथरी से भी पीड़ित थे। एनजीओ ने दावा किया कि उन्होंने कई बार सर्जरी के लिए अनुरोध किया था, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। साईबाबा पिछले 20 दिनों से हैदराबाद के निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (निम्स) में भर्ती थे। माओवादी संपर्क मामले में बरी होने के सात महीने बाद शनिवार को साईबाबा की सरकारी अस्पताल में मृत्यु हो गई। साईबाबा ने बीते अगस्त में आरोप लगाया था कि शरीर का बायां हिस्सा लकवाग्रस्त हो जाने के बावजूद जेल अधिकारी उन्हें नौ महीने तक अस्पताल नहीं ले गए और उन्हें नागपुर सेंट्रल जेल में सिर्फ दर्द निवारक दवाएं दी गई, जहां वह गिरफ्तारी के बाद से बंद थे। इसके चलते उनकी स्थिति और बिगड़ गई। 2014 में पूर्व अंग्रेजी प्रोफेसर ने दावा किया था कि उनकी आवाज को दबाने के लिए पुलिस ने पहले तो उनका अपहरण किया और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आंध्र प्रदेश के मूल निवासी साईबाबा ने कहा था कि उन्हें अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने माओवादियों से संपर्क खत्म नहीं किया तो उन्हें किसी झूठे मामले में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साईबाबा कई बीमारियों से जूझ रहे थे। साईबाबा डीयू के राम लाल आनंद कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। महाराष्ट्र पुलिस ने संदिग्ध माओवादी संबंधों में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 2014 में कॉलेज ने निलंबित कर दिया था।

# 'पहल का उद्देश्य भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाना'; गतिशक्ति के तीन साल पूरे होने पर पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन साल पूरे होने पर सराहना की है। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है।

अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

बता दें कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे के लिए 13 अक्तूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) लॉन्च किया गया था। यह आर्थिक वृद्धि और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। यह सात आर्थिक क्षेत्रों- रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है।

### पीयूष गोयल ने भी की टिप्पणी

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की पोस्ट को टैग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी थी। इस पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने पीएमजीएस-एनएमपी के तीन साल पूरे होने पर गतिशक्ति पहल की सराहना की थी। गोयल ने अपनी पोस्ट में कहा आज पीएम नरेंद्र मोदी जी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के लॉन्च के तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# बीते चार साल में अनुसूचित जाति आयोग में दर्ज हुई 47 हजार शिकायतें, जातीय शोषण, जमीन विवाद मुख्य मुद्दे



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बीते चार साल में उन्हें 47 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। इनमें जातीय अत्याचार, भूमि विवाद और सरकारी नौकरी से संबंधित विवाद ही मुख्य मुद्दे हैं। आरटीआई के जवाब में यह जानकारी मिली है। एनसीएससी के आंकड़ों के अनुसार, साल 2020-21 में उन्हें 11,917 शिकायतें मिलीं। वहीं 2021-22 में 13,964, और 2022-23 में 12,402 और इस साल यानी 2024 में 9,550 शिकायतें मिल चुकी हैं।

### जातीय अत्याचार और जमीन संबंधी विवाद प्रमुख मुद्दे

एनसीएससी के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने बताया कि आयोग को मिलने वाली सबसे आम शिकायतें अनुसूचित जाति समुदाय के खिलाफ अत्याचार से संबंधित हैं, इसके बाद भूमि विवाद और सरकारी क्षेत्र में सेवाओं से संबंधित मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, 'शिकायतों को तेजी से दूर करने के लिए, अगले महीने से, मैं या मेरे सदस्य राज्य कार्यालयों का दौरा करेंगे और वहां लोगों के सामने आने वाली समस्याओं को देखेंगे।' मकवाना ने कहा कि वह लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सप्ताह में चार बार सुनवाई कर रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा शिकायतें

एनसीएससी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी राज्यों में सबसे ज्यादा शिकायतें उत्तर प्रदेश से दर्ज की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि आयोग को हर दिन 200-300 शिकायतें मिलती हैं और उनमें से कई का कुछ ही दिनों में समाधान हो जाता है, इसलिए यहां देखा गया डेटा ज्यादातर उन शिकायतों का है जिनका समाधान होने की प्रक्रिया चल रही है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के खिलाफ अत्याचारों पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन के आंकड़ों के अनुसार, 6,02,177 कॉल प्राप्त हुईं। इनमें से कुल शिकायतों की संख्या 5,843 थी, जिनमें से 1,784 का समाधान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश से आधे से अधिक कॉल यानी 3,10,623 प्राप्त हुई हैं। इस हेल्पलाइन की निगरानी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा की जाती है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार के अधिकांश मामले 13 राज्यों में केंद्रित थे, जहां 2022 में सभी मामलों का 97.7 प्रतिशत दर्ज किया गया।

2022 में उत्तर प्रदेश में 12,287 मामले दर्ज हुए, जो कुल मामलों का 23.78 प्रतिशत हिस्सा थे, इसके बाद राजस्थान में 8,651 (16.75 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश में 7,732 (14.97 प्रतिशत) थे। जाति अत्याचार के महत्वपूर्ण मामलों वाले अन्य राज्य बिहार में 6,799 (13.16 प्रतिशत), ओडिशा में 3,576 (6.93 प्रतिशत) और महाराष्ट्र में 2,706 (5.24 प्रतिशत) थे। इन छह राज्यों में कुल मामलों का लगभग 81 प्रतिशत हिस्सा था।

# 'महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था तबाह है'

## बाबा सिद्दीकी की मौत पर राहुल गांधी ने सरकार को कोसा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जारी किया। राहुल गांधी ने इस हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे।

महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीती रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी को आज रात साढ़े आठ बजे मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन से हैरान और दुखी हूं। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति हैं। इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की खराब कानून व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सरकार को इस मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय होना चाहिए।'

### कांग्रेस से रहा लंबा नाता

बाबा सिद्दीकी ने राजनीति की शुरूआत एक छात्र नेता के रूप में की थी और लंबे समय तक वह कांग्रेस के सदस्य रहे। वह पहली बार इटउ में कॉरपोरेटर (पार्षद) चुने गए थे। बाबा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत कांग्रेस से की थी और साल 1977 में पार्टी की स्टूडेंट विंग ठरवकमें शामिल हुए थे। इसके बाद 1980 में बांद्रा युवा कांग्रेस महासचिव, 1982 में बांद्रा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और 1988 में मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने। साल 1999 में बाबा कांग्रेस के ही टिकट पर पहली बार बांद्रा वेस्ट सीट से विधायक बने। बाबा सिद्दीकी साल 2014 तक लगातार तीन बार बांद्रा वेस्ट से विधायक चुने गए। वे महाराष्ट्र सरकार में 2004-2008 तक खाद्य और श्रम मंत्री भी रहे। साल 2019 में बाबा सिद्दीकी को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया। फरवरी, 2024 में वे कांग्रेस छोड़ अजित पवार की ठउढ में शामिल हुए थे। वे महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुंबई डिवीजन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# 108 देशों की 12 हजार छात्राएं जानेंगीं अंतरिक्ष का विज्ञान, उपग्रह लॉन्च करने में करेंगी मदद

**नई दिल्ली।** 108 देशों की 12 हजार छात्राएं अंतरिक्ष विज्ञान को करीब से जानेंगीं। एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेस किड्ज इंडिया ने छात्राओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए वैश्विक मिशन शक्तिसैट लॉन्च किया है। इसके तहत छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद छात्राओं की मदद से इसरो के चंद्रयान -4 मिशन के तहत एक उपग्रह लॉन्च किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवंबर 2024 में शक्तिसैट के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण करेंगी। शक्तिसैट मिशन की प्रमुख केसन ने बताया मिशन में हाईस्कूल की छात्राओं (14-18 वर्ष की आयु) को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, पेलोड विकास और अंतरिक्ष यान प्रणालियों के विभिन्न पहलुओं के बारे में सिखाने के लिए 120 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में यूके, यूएई, ब्राजील, केन्या, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ग्रीस, श्रीलंका और अफगानिस्तान की छात्राएं शामिल होंगीं। उन्होंने कहा कि मिशन में हर देश से 108 छात्रों को शामिल किया जाएगा। मिशन का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और अंतरिक्ष विज्ञान की विशाल संभावनाओं में रुचि जगाना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल हमारे देश को बल्कि पूरी दुनिया को लाभ मिलेगा। हमारा लक्ष्य युवा महिलाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है। साथ ही अंतरिक्ष अन्वेषण के विस्मयकारी क्षेत्र के माध्यम से जीवन को बदलने और हमें विश्व स्तर पर एकजुट करने के ऐसे अवसर प्रदान करना है, जिनमें शक्ति हो।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रशिक्षण पूरा होने के बाद मिशन विभिन्न देशों की 108 छात्राओं का चयन करेगा। जो अगले साल जून और अगस्त के बीच पेलोड और अंतरिक्ष यान प्रोटोटाइप के निर्माण में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए भारत की यात्रा करेंगी।

# पोन्नेरी-कवरप्पेट्टई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सेवाएं शुरू; मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस हुई थी हादसे का शिकार

- घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में चेन्नई डिवीजन के पोन्नेरी-कवरप्पेट्टई रेलवे स्टेशनों पर मरम्मत कार्य चल रहा है। इस बीच रेलवे ट्रैक को दुरुस्त कर दिया गया है। दोनों स्टेशनों पर रेलवे सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं। यह चेन्नई से 46 किमी दूर है। यहां बीते शुक्रवार की शाम ट्रेन संख्या 12578 मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस की पीछे से एक मालगाड़ी से टक्कर हो गई थी। दुर्घटना में 19 लोग घायल हो गए थे।

### शनिवार रात पहली ट्रेन कावरापेट्टई स्टेशन से गुजरी

इससे पहले दक्षिण रेलवे की ओर से पटरी से उतरे डिब्बों को हटाए जाने और लाइन को दुरुस्त किए जाने के बाद शनिवार रात को पहली ट्रेन कावरापेट्टई स्टेशन से गुजरी। रेलवे ने मरम्मत कार्य पर ताजा जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेन संख्या 12434 (चेन्नई राजधानी एक्सप्रेस) रात सवा नौ बजे कावरापेट्टई रेलवे स्टेशन की अप मेनलाइन से गुजरी, जो सामान्य स्थिति बहाल होने का संकेत है। रेलवे ने बताया कि ट्रेन के गुजरने से एक घंटे पहले पटरी को पहली ट्रेन के लिए 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिए तैयार किया गया था और दो ट्रेन के गुजरने के बाद गति बढ़ाई जाएगी।



### कावरापेट्टई में एक मालगाड़ी से टकरा गई थी यात्री ट्रेन

ट्रेन संख्या 12578 मैसुरु-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस के नौ एसी कोच और एक पावर कार सहित कुल 10 डिब्बे और मालगाड़ी के दो वैगन को क्रेन की मदद से हटाया गया। यह ट्रेन 11 अक्तूबर को रात साढ़े आठ बजे कावरापेट्टई में एक मालगाड़ी से टकरा गई थी। रेलवे ने बताया कि हादसा रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। इसके बाद यात्रियों को बसों से पोन्नेरी और फिर दो ईएमयू विशेष ट्रेन से चेन्नई सेंट्रल ले जाया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

### उदयनिधि स्टालिन ने यात्रियों से मुलाकात की

दक्षिणी रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डी. ओम प्रकाश ने बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को स्टेनली मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चार यात्रियों का पोन्नेरी के सरकारी अस्पताल में उपचार किया गया, उन्हें मामूली चोटें आई थीं। इस बीच तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने यहां स्टेनली अस्पताल में उपचार करा रहे घायल यात्रियों से मुलाकात की।

# जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल 9वें दिन भी जारी, फाईमा ने दी पूरे देश में सेवाएं बंद करने की चेतावनी

**नई दिल्ली।** आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद अपनी मांगों को लेकर पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल रविवार को नौवें दिन भी जारी रही। वहीं राज्य के विभिन्न इलाकों के लोग भूख हड़ताल कर रहे डॉक्टर्स के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से के सिलीगुड़ी शहर में आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टरों में से तीन की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आरजी कर के पूर्व छात्र भी समर्थन में उतरे

आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर्स फोरम के एक नेता ने कहा, 'उनकी (अनशन कर रहे डॉक्टर्स की) हालत खराब होती जा रही है, लेकिन राज्य प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है।' इस बीच, आर जी कर अस्पताल के पूर्व छात्रों का एक समूह ने भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए 12 घंटे का सांकेतिक उपवास किया। हालांकि, उन्हें अदालत के आदेश के बाद अस्पताल में सुरक्षा ड्यूटी पर मौजूद सीआईएसएफ कर्मियों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व छात्रों, जिनमें से अधिकांश वरिष्ठ नागरिक हैं, ने कहा कि वे अपने सांकेतिक उपवास कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। मालदा और मुर्शिदाबाद जिले में भी कई लोग दिन में 'सांकेतिक उपवास' कर रहे हैं।




### कल्याणी जेएनएम अस्पताल के 75 डॉक्टर्स ने भी दी सामूहिक इस्तीफे की धमकी

पश्चिम बंगाल के कल्याणी जेएनएम अस्पताल के 75 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों ने भी आरजी कर अस्पताल मामले में पीड़िता को न्याय की मांग करते हुए सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी है। उन्होंने आमरण अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता व्यक्त की है।

फाईमा ने दी चेतावनी : डॉक्टर्स की भूख हड़ताल की शुरूआत 5 अक्तूबर को हुई, जो दो चरणों में लगभग 50 दिनों के 'काम बंद' के बाद शुरू हुई। शुक्रवार को, भारतीय चिकित्सा संघ ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से स्थिति बिगड़ने से पहले हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। निजी अस्पतालों के डॉक्टर्स ने आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाते हुए पश्चिम बंगाल में 14 अक्टूबर से 48 घंटे के लिए 'आंशिक रूप से काम बंद' करने का आह्वान किया है।


## सार्वजनिक सूचना

**विषय : अभियुक्ता योगेंद्र पुत्र हरि सिंह के विरूद्ध धारा 82 आईपीसी की उदघोषणा के प्रकाशन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि st 517 /2012 मुकदमा अपराध संख्या 65/12 धारा 302 आईपीसी बनाम योगेंद्र पुत्र हरि सिंह निवासी गांव मुकराडा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ गाजियाबाद जो अपने आप को गिरफ्तारी से बचा रहा है और माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र जारी करने के बाद भी मान्य न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है इसीलिए अभियुक्त योगेंद्र पुत्र हरि सिंह के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा जारी की गई है अगर अभियुक्त नियत दिनांक 10 अक्टूबर 2024 से पूर्व माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या 13 गाजियाबाद में हाजिर नहीं होता तो अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय
कोर्ट संख्या, 13 गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 • नई दिल्ली। सोमवार 14 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# विशालकाय पुतलों के दहन के साथ रामलीला संपन्न











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी) कविनगर के तत्वाधान में आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 के अर्न्तगत लीला सम्पन्न हुई। इस वर्ष रामलीला मंचन का 20-20 मैच सभी रामभक्तों के दिलों को छू गया। रामलीला मैदान रामभक्तों से खचाखच भरा हुआ था। पूरे परिसर में सिर्फ लोगों के सिर ही सिर दिखाई दिये। ज्यों ही भगवान श्रीराम ने तीर चलाकर रावण का वध किया समस्त परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रावण वध के पश्चात रामलीला मैदान में लगाये गये विशालकाय रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाद के पुतलों के दहन के साथ जय श्री राम की गूँज चारों ओर सुनाई दी जिससे पूरा वातावरण राममयी हो गया। पुतलों का दहन गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद, स्थानीय विधायक, पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

भारी भीड़ को देखते हुए समिति के सदस्यों के अथक प्रयासों द्वारा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु विशेष प्रबन्ध किये गये। सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त भारी संख्या में पुलिस बल एवं समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जीजान से जुटे हुए थे। व्यवस्थाओं को बनाने में सुरक्षा गार्डों एवं सिविल डिफेन्स के कार्यकर्ता भी मैदान में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथियों में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, स्थानीय विधायक अजीत पाल त्यागी, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना, पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार एवम आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, गौरव चोपड़ा, आनन्द गर्ग, तरूण चौटानी,दिवाकर सिंघल नवेन्दु सक्सेना, अजय गुप्ता, राजबीर त्यागी, सुरेश महाजन, पवन गुप्ता, अवनीश गर्ग, विवेक मित्तल, बलदेव राज शर्मा, मुकेश सिंघल, अजय अग्रवाल एवं राजेश गर्ग सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कूड़े के ढेर में लगी आग और उगली भाजपा पार्षद ने फायर

# कहा- समझ जाओ नगर निगम के अधिकारियों वरना मैं समझा दूंगा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ये खबर नगर निगम के अधिकारियों के लिए अलर्ट है। वे सावधान हो जायें, क्योंकि भाजपा के पार्षद ने ऐलान कर दिया है कि अगर नगर निगम के अधिकारी नहीं समझे तो ये पार्षद उनको समझा देंगे। अब इन शब्दों के मायने क्या हैं इस बारे में तो वार्ड 20 तुलसी निकेतन से भाजपा पार्षद यशपाल पहलवान ही बेहतर बता सकते हैं।

मगर उनके शब्दों की फायर की चर्चा जरूर अब तमाम जगह हो रही है। बड़ी बात ये है कि उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को ये धमक भरा संदेश सोशल मीडिया पर बकायदा अपना फोटो लगाकर दिया है। उन्होंने अपने संदेश में स्पष्ट लिखा है कि समझ जाओ, निगम के अधिकारियों वरना मैं समझा दूंगा। सुना है पार्षद कूड़े के ढेर में लगी आग से बहुत ज्यादा नाराज हैं। कहीं ना कहीं उनकी नाराजगी फायर बनकर उनके शब्दों के माध्यम से बाहर आई है। शब्दों में भले ही वो आक्रामक हो गये हों लेकिन ये भी सच है कि अगर मौके का हाल देखें तो वार्ड 20 में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लंबे समय से इसका उठान नहीं हो रहा है। पार्षद जनता के ताने सुन सुन कर परेशान है। कोढ़ में खाज ये है कि एनजीटी के तमाम आदेशों को धता बताते हुए कूड़े के ढेर में आग लगायी जा रही है। जिस वजह से कई तरह की हानिकारक गैसें स्थानीय जनता के फेफड़ों को संक्रमित कर रही है। क्षेत्र में प्रदूषण ने अपना जाल फैला दिया है। कहीं ना कहीं इस मामले में नगर निगम की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है।





### पार्षद यशपाल पहलान ने बतायी गुस्से की वजह

करंट क्राइम। इस पोस्ट के संबंध में जब दैनिक करंट क्राइम ने पार्षद यशपाल पहलान से बात की। तो उन्होंने दर्द प्रकट किया। वो बोले कि जब कोई वीआईपी मूवमेंट होता है तब नगर निगम के कर्मचारी हर व्यवस्था को चकाचक कर देते हैं। मगर तुलसी निकेतन में लंबे समय से कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। निगम का कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि देर रात कूड़े के ढेर पर ट्रांसफार्मर की वजह से आग लग गई। इस बारे में जनता ने उन्हें फोन पर अवगत कराया। तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। तब कहीं जाकर आग काबू में आई। वो बोले कि नगर निगम के अधिकारी हम पार्षदों की बात बिल्कुल भी सुनने को तैयार नहीं है। क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। किसी भी दिन हंगामा हो सकता है। इसलिए मुझे फेसबुक पर लिखना पड़ा है कि समझ जाओ निगम के अधिकारियों वरना मैं समझा दूंगा।

# 'एसएमएस' में से होगा भाजपा का शहर सीट से विधानसभा का उम्मीदवार!




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को दिल्ली में देश की 50 विधानसभा की सीटों पर टिकट फाईनल करने को लेकर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक हुई। ये वह सीटे हैं जो लोकसभा चुनाव होने के बाद रिक्त हो गईं थीं। उत्तर प्रदेश में इसी क्रम में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। नजर गाजियाबाद की शहर विधानसभा की सीट पर भी है। जहां कभी अतुल गर्ग विधायक हुआ करते थे। उनके सांसद बनने के बाद ये सीट रिक्त हो गई थी। फिलहाल अतुल गर्ग राष्ट्रपति के साथ विदेश यात्रा पर हैं। मगर सूत्र बताते हैं कि यात्रा से दो दिन पहले उन्होंने अपनी पैरोकारी की भरपूर मात्रा एक चेहरे के पक्ष में डाली है। उनकी इस मात्रा का क्या असर दिखाई देगा। इस पर अब ज्यादा सस्पेंस नहीं बचा है। सूत्र बताते हैं कि जहां एक दो दिन में विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। वहीं इस अधिसूचना के पीछे-पीछे भाजपा के कैंडिडेट की भी घोषणा कर दी जायेगी। रविवार को दिल्ली में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में जहां राष्ट्रीय कोर कमेटी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं यूपी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित अन्य चेहरों की भी मौजूदगी रही। यहां पर गाजियाबाद की सीट को लेकर भी काफी गंभीर मंथन हुआ। कौन चेहरा चुनाव मजबूती से लड़ सकता है, इस बात पर चिंतन हुआ। सूत्र बताते हैं कि इस चर्चा में गाजियाबाद से 'एसएमएस' फैक्टर पर तीन से चार चेहरों पर गंभीर चिंतन हुआ है। इस फैक्टर में से ही या तो एस बाहर निकल कर आयेगा या एम बाहर निकलकर आयेगा या फिर से एस की संभावना रहेगी। ये एस पहले वाला एस नहीं होगा। फिलहाल कोर कमेटी की बैठक होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में कौन बनेगा शहर सीट से विधायक इसको लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। बैठक में नाम फाईनल हो चुका है। जिसकी घोषणा आज या कल में होने की प्रबल संभावना है।

# आज से शहर में रहेगी गंगाजल की किल्लत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गंगनहर की सफाई के लिए शनिवार रात 12 बजे हरिद्वार से गंगनहर को बंद कर दिया गया। गंगनहर बंद होने के बाद प्रताप विहार स्थित गंगाजल प्लांट में एक दिन के लिए रिजर्व गंगाजल रखा जाएगा। जिससे केवल एक दिन यानी रविवार को ही पानी की आपूर्ति की जाएगी। ऐसे में सोमवार से लोगों को गंगाजल नहीं मिलेगा।

नगर निगम और जीडीए द्वारा दिन में केवल एक समय नलकूप और टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी। अब दिवाली तक यानी 20 दिनों तक ट्रांस हिंडन की 10 लाख की आबादी को एक समय ही पानी मिल सकेगा। गंगनहर से ही गंगाजल प्लांट में आता है पानी।

दशहरे के समय किसानों को पानी की जरूरत कम रहती है। जिस वजह से हर वर्ष इस दौरान गंगनहर की सफाई की जाती है। गंगनहर से ही प्रताप विहार स्थित गंगाजल प्लांट में गंगाजल आता है। प्रताप विहार प्लांट की भंडारण क्षमता 150 क्यूसेक पानी की है। गंगनहर बंद होने पर प्लांट में एक दिन का पानी भंडारण करके रखा जाता है। इस प्लांट से वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम, डेल्टा कॉलोनी, कौशांबी और सिद्धार्थ विहार को गंगाजल मिलता है। इसके अलावा नलकूप और टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाती है। गंगाजल सुबह और शाम के समय एक-एक घंटे की आपूर्ति की जाती है।

### शनिवार रात 12 बजे से बंद की गई गंगनहर

**करंट क्राइम :** शनिवार रात 12 बजे हरिद्वार से गंगनहर बंद कर दिया गया। सोमवार सुबह से लोगों को गंगाजल की आपूर्ति नहीं होगी। दिन में दो बार की बजाय एक बार ही नगर निगम द्वारा नलकूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी। दिवाली के बाद गंगाजल की आपूर्ति शुरू की जाएगी। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ब्रिजराज ने बताया कि 12 अक्टूबर से दो नवंबर तक गंगनहर बंद रहेगी। इस दौरा गंगनहर की सफाई होगी।

**पानी के निजी प्लांटों पर रहने पड़ेगा निर्भर :** गंगाजल की आपूर्ति बंद होते ही ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लोगों को बोतलबंद पानी के भरोसे रहने पड़ेगा। इनके पानी की गुणवत्ता की भी गारंटी नहीं होती है। गंगाजल नहीं मिलने पर मजबूरी में लोगों को इस पानी को ही खरीदना पड़ता है।

**कई जगह-जगह हुई पानी की किल्लत :** करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन क्षेत्र में रविवार को भी लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। इंदिरापुरम, वैशाली, डेल्टा कालोनी, वसुंधरा, कौशांबी के लोगों को पर्याप्त गंगाजल नहीं मिला। तुलसी निकेतन में गंदे पानी की आपूर्ति हुई। सूर्य नगर, चंद्र नगर, बृज विहार, कौशांबी, श्याम पार्क, लाजपत नगर, भोपुरा, डीएलएफ, इंद्रप्रस्थ आदि क्षेत्र में पानी की किल्लत होने की शिकायतें प्राप्त हुईं।

# लगातार ऊंचे आयाम स्थापित कर रही है संजीव गुप्ता की समरकूल और थर्मोकूल कंपनी

### स्मार्ट टीवी, एलईडी, वॉशिंग मशीन और कूलर की मांग को पूरा करने के लिए हो रही है आधुनिक प्लांट की स्थापना

## विजयदशमी के पावन अवसर पर रखी गई नए प्लांट की नींव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल इंण्डस्ट्री के चेयरमैन संजीव गुप्ता उद्योगिक जगत में एक बड़ा नाम बन चुके हैं। लगातार उनके प्रोडक्टस जहां जनता की पहली पसंद बन रहे हैं। वहीं व्यवसायिक क्षेत्र में भी तमाम बड़ी ब्राण्डेड कंपनियों के बीच समरकूल और थर्मोकूल कंपनी ने भी अपनी मजबूत छाप छोड़ दी है। यही वजह है कि जहां सरकार की ओर से इन दोनों कंपनियों को इनकी गुडविल के आधार पर मजबूत फंडिंग मिल रही है। वहीं संजीव गुप्ता और उनके भाईयों एवं टीम के परिश्रम के बूते समरकूल और थर्मोकूल के प्रोडक्ट्स की डिमांड अब पूरे देश में बढ़ रही है। इस डिमांड को पूरा करने के लिए संजीव गुप्ता की ओर से देश के विभिन्न स्थानों पर प्लांट्स स्थापित किये जा रहे हैं।



इसी कड़ी में गाजियाबाद के मेरठ रोड इंण्ड्रस्ट्रियल एरिया में एक बड़े भू-भाग पर थर्मोकूल होम एप्लाईसेंस के नए प्लांट की नींव रखी गई। खास बात ये रही कि प्लांट की स्थापना के अवसर पर संजीव गुप्ता ने वैदिक रीति रिवाज से मंत्रों के उच्चारण के साथ नींव रखी। इस मौके पर उनका परिवार मौजूद रहा। विजयदशमी के अवसर पर संजीव गुप्ता एवं राजीव गुप्ता ने प्लांट की नींव रखने के साथ अपने विजन को दोहराया। उन्होंने कहा कि हम अपने उपभोक्ताओं को क्वालिटी प्रोडक्ट देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्वालिटी से किसी भी तरह का काम्प्रोमाईज नहीं किया जायेगा। वहीं प्लांट के भूमि पूजन के साथ ही इंजीनियर्स की देख रेख में सैंकड़ो मजदूरों सहित निर्माण कार्य युद्ध गति से आरंभ हो गया है।

### हवन में रही इन चेहरों की मौजूदगी

करंट क्राइम। थर्मोकूल के नए प्लांट के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन हुआ। संजीव गुप्ता अपने पारिवारिक एवं व्यवायिक क्रिया कलापों में हमेशा सनातन एवं वैदिक मूल्यों को महत्व देते हैं। ये परम्परा नए प्लांट के भूमि पूजन के दौरान भी दिखाई दी। इस मौके पर रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, टियारा गुप्ता, तास्विक गुप्ता, रोहित गुप्ता, विकास गुप्ता, राकेश गोयल, सुबोध गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।



## संपादकीय

# पटरी पर आते भारत-मालदीव संबंध

हाल ही में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के द्वारा पहली आधिकारिक भारत यात्रा की जा रही है। पांच दिवसीय इस यात्रा को भारत एवं मालदीव के मध्य संबंधों में सुधार की दिशा में एक ठोस कदम की तरह देखा जा रहा है। निस्संदेह मालदीव जैसे पड़ोसी देश के साथ रिश्तों का सुधार कर प्रगाढ़ हो जाना दोनों देशों के लिए एक अच्छा संकेत है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य संपन्न हुई द्विपक्षीय वार्ता में भारत एवं मालदीव के मध्य पांच मुख्य समझौतों एवं तीन प्रमुख घोषणाओं पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते मुख्य रूप से मुद्राओं के आदान-प्रदान पर सहमति, खेलों में सहयोग, भारत की नेशनल जुडिशियल एकेडमी एवं मालदीव के जुडिशियल कमीशन के पारस्परिक सहयोग, भारतीय केंद्रीय जांच ब्यूरो एवं मालदीव के एंटी करप्शन कमिशन के बीच सहयोग तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय व मालदीव के पुलिसिंग एंड लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी के बीच प्रशिक्षण जैसे मुद्दों पर आधारित हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता एवं समृद्धि के लिए दोनों देशों के द्वारा मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई गई है। मुक्त व्यापार समझौते एवं डिजिटल कनेक्टिविटी पर फोकस करते हुए मालदीव में रुपे कार्ड भी लॉन्च किया गया। मालदीव की आवश्यकता के अनुसार दोनों देशों के बीच 40 करोड़ डॉलर का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। दोनों नेताओं के द्वारा भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए रन वे और 700 से अधिक आवास का भी उद्घाटन किया गया। दोनों देशों के द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी सहयोग को बढ़ावा देने की बात की गई है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर अगर गौर किया जाए तो कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है कि विश्व आज तनाव, अस्थिरता एवं युद्ध की गिरफ्त में जकड़ा हुआ है। जहां एक ओर लंबे समय से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है तो वहीं दूसरी तरफ इजराइल व ईरान में भी परस्पर संघर्ष से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। लंबे समय से व्याप्त इन संघर्षों में विश्व को अर्थव्यवस्था एवं जन-धन की कितनी क्षति उठानी पड़ी है इसका अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है।

भारत एवं मालदीव की एक दूसरे के सापेक्ष अवस्थितियों पर यदि विचार किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि दोनों ही देश एक-दूसरे के लिए एक विशिष्ट महत्व रखते हैं। जहां मालदीव के लिए भारत पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है तो वहीं भारत के लिए मालदीव समुद्री सुरक्षा एवं सामरिक हितों को लेकर जरूरी है। इस आधार पर दोनों देशों के मध्य पारस्परिक समझौतों, सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के आधार पर, जो पहल संबंध सुधार की दिशा में की गई है, वह निस्संदेह ही दोनों देशों के विभिन्न हितों के दृष्टिकोण से आवश्यक भी है और साथ ही साथ लाभप्रद भी। भारत की नीति तो आदिकाल से ही ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्ण की रही है, किंतु हमारी यह पावन व नि:स्वार्थ भावना कूटनीति के दायरे में आने से बच नहीं पाई, जिसका खामियाजा हमें एक लंबे समय तक भुगतना पड़ा, लेकिन वर्ष 2014 में जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर अपने हाथों में संभाली है, तब से निरंतर ही वैश्विक पटल पर भारत का सितारा बुलंद होता जा रहा है। आज विश्व की महाशक्तियां भी भारत की महत्ता एवं संप्रभुता के आगे नतमस्तक हैं।

# हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स को मिला देश के 'महारत्न' का दर्जा

## फैसले लेने में कंपनी को मिलेगी और अधिक आजादी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को महारत्न का दर्जा दिया है। इसके साथ ही यह मुकाम हासिल करने वाले यह 14वां केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) बन गया है। इससे कंपनी को अपने फैसले लेने और अधिक आजादी मिल सकेगी। यह जानकारी सार्वजनिक उद्यम विभाग ने शनिवार को सोशल मीडिया पर दी।

महारत्न का दर्जा एचएएल की परिचालन स्वतंत्रतता और वित्तीय शक्तियों को और बढ़ाएगा, जिससे भविष्य में कई अच्छी विकास परियोजनाओं की संभावना होगी। अब एचएएल परियोजनाओं में अपनी संपत्ति का 15 फीसदी तक निवेश कर सकता है और सरकार की मंजूरी के बिना विदेशी उद्यमों में 5,000 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकता है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री ने एचएएल को 14वां महारत्न सीपीएसई के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव की सिफारिश पहले वित्त सचिव की अध्यक्षता वाली अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) और कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति ने की थी।

एचएएल के अलावा 13 महारत्न एनटीपीसी लिमिटेड, तेल और




प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी), भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (एसएआईएल), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भारतीय तेल निगम लिमिटेड (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम, कोल इंडिया लिमिटेड, गेल इंडिया लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (बीपीसीएल), पावर ग्रिड निगम, पावर वित्तीय निगम, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड और ऑइल इंडिया लिमिटेड शामिल हैं।

एचएएल एक सरकारी कंपनी है, जो रक्षा उत्पादन से जुड़ी है। इसका सालाना कारोबार 28,162 करोड़ रुपये है। पिछले साल इसका शुद्ध लाभ 7,595 करोड़ रुपये रहा। एचएएल विमानों और हेलिकॉप्टर्स के लिए जरूरी इंजन, संचार उपकरण, नेविगेशन उपकरण, डिस्प्ले प्रणाली, हाइड्रोलिक प्रणाली, इलेक्ट्रिक उपकरण आदि का निर्माण करता है। इस साल सितंबर में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 26 हजार करोड़ रुपये की लागत के साथ सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एएल-31एफपी एरो इंजन के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

ये एरो इंजन एचएएल के कोरापुट डिवीजन में बनाए जाएंगे। इंजन भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 विमानों की क्षमता को बनाए रखने में मदद करेंगे। एचएएल ने बताया कि हर साल 30 एरो इंजन बनाए जाएंगे और सभी 240 इंजन अगले आठ साल में बनेंगे।

# 16 अक्टूबर से खुल रहा है एक और आईपीओ

## प्राइस बैंड रु. 180, ग्रे मार्केट में 75% मुनाफे के संकेत

**नई दिल्ली।** अगर आप किसी इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए अगले सप्ताह कई मौके आ रहे हैं। इनमें एक एसएमई आईपीओ भी है। इसका ग्रे मार्केट में जबरदस्त डिमांड है। हम बात कर रहे हैं- लक्ष्य पावरटेक आईपीओ (छॅ रॅ८ ढङ्कद्दी१ ३ॅूं छ३ा क्ढड) की। लक्ष्य पावरटेक आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 16 अक्टूबर से ओपन हो रहा है। निवेशक इस इश्यू में 18 अक्टूबर तक दांव लगा सकेंगे। इसका टारगेट प्राइस 180 रुपये



तय किया गया है। बता दें कि ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयरों की अभी ही तगड़ी डिमांड है।

लक्ष्य पावरटेक ने अपने आईपीओ के जरिए से रु 49.91 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। लक्ष्य पावरटेक आईपीओ में 27.73 लाख शेयरों का ताजा जारी होना शामिल है। लक्ष्य पावरटेक आईपीओ का प्राइस बैंड रु. 171 से रु. 180 प्रति शेयर तय किया गया है। खुदरा निवेशक न्यूनतम 800 शेयरों के लॉट आकार के लिए बोली लगाकर सार्वजनिक निर्गम के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसका कुल निवेश मूल्य बैंड के ऊपरी स्तर पर रु. 1,44,000 है। दूसरी ओर, एचएनआई के लिए न्यूनतम लॉट साइज निवेश 2 लॉट या 1,600 शेयर है, जिसकी राशि रु. 2,88,000 है।

# 20 रुपये से कम के इस स्टॉक ने किया मालामाल

## बोनस शेयर की वजह से चर्चा में कंपनी

**नई दिल्ली।** जिन पेनी स्टॉक्स ने पिछले एक साल के दौरान निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया है उसमें AA Plus Tradelink भी एक है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में 100 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी एक बार फिर से चर्चा में है। कंपनी ने शेयरों को बांटने और बोनस इश्यू जारी करने का प्रस्ताव दिया है।

**24 अक्टूबर को होगा फैसला :** कंपनी ने बताया है कि एक शेयर को 10 हिस्सों में बांटने का प्रस्ताव दिया गया है। साथ ही निवेशकों को एक शेयर पर एक



शेयर देने का फैसला हुआ है। कंपनी ने कहा है कि स्टॉक स्प्लिट और बोनस इश्यू पर फैसला 24 अक्टूबर को किया जाएगा। बता दें, स्टॉक स्प्लिट के जरिए कंपनी अपने शेयरों की कीमतों में कम करती है। जिससे रिटेल निवेशक शेयर की तरफ आकर्षित हो सकें।

शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लगा था। जिसके बाद AA Plus Tradelink के शेयरों की वैल्यू बीएसई में घटकर 19.60 रुपये पर आ गया। इससे पहले शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में भी लोअर सर्किट लगा था।

**मालामाल कर रहा है शेयर :** बीते एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 114 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 2024 में कंपनी के शेयरों की कीमतो में 139 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है।

## शेयर बाजार में फिर बिकवाली

# सेंसेक्स 180 अंक फिसला

# निफ्टी 31 अंक नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को शेयर बाजार सपाट खुला, उसके बाद शुरूआती कारोबारी घंटों के दौरान सेंसेक्स और



निफ्टी दोनों में बड़ी गिरावट देखी गई। बेंचमार्क सेंसेक्स 185.20 अंकों की गिरावट के साथ 81,426.21 पर खुला, जबकि निफ्टी 51.30 अंकों की गिरावट के साथ 24,947.15 पर खुला।

निफ्टी 50 कंपनियों में से 18 शेयरों में तेजी आई जबकि 32 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो और बजाज ऑटो के शेयरों में खरीदारी दिखी।

दूसरी ओर, सिप्ला, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, टीसीएस और पावर ग्रिड के शेयरों में गिरावट दिखी।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने बाजार में निकट अवधि में अस्थिरता रहने की बात कही। उन्होंने कहा, बाजार निकट अवधि में एफआईआई की बिक्री और डीआईआई की खरीद के बीच उतार-चढ़ाव के साथ अस्थिर रह सकता है।

डॉलर के कमजोर होने के बीच शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 83.96 पर पहुंच गया। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और लगातार एफआईआई निकासी ने घरेलू मुद्रा में आगे की बढ़त को सीमित कर दिया।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बंटू : वेटर, ऐसी चाय पिलाओ जिसे
पीकर मन झूम उठे और बदन नाचने लगे
वेटर : सर हमारे यहां भैंस का दूध आता है,
नागिन का नहीं

संजू : पंडित जी, किसी सुंदर लड़की का
हाथ पाने के लिए क्या करूं?
पंडित जी : किसी मॉल के बाहर मेहंदी
लगाने का काम शुरू कर दे।

संजू ने कल अपनी छोटी सी मासूम भतीजी से पूछा
बताओ बिल्ली पूँछ क्यों हिलाती है ?
भतीजी : क्यूंकि पूँछ उसकी है। वो जो मर्जी करे।

ट्यूशन मास्टर : गधे, तूने होमवर्क
क्यों नहीं किया?
संजू : जरा तमीज से बात करो, कस्टमर से
ऐसे बात करते हैं क्या?
संजू की पिटाई तो होनी ही थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? अल्बर्टविले, फ्रांस में ब्यूफोर्ट पनीर बनाने से उत्पन्न होने वाली बायोगैस को उस शहर की बिजली बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।
- स्टाइलटन नीले पनीर अक्सर, उज्ज्वल सपने के लिए जाना जाता है।
- साल 2005 के एक अध्ययन में पाया गया कि रात को बिस्तर पर जाने से 30 मिनट पहले पनीर खाने से आप बेहतर सो सकते हैं।
- ग्रीस के लोग दुनिया भर में पनीर के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। ग्रीस से एक औसत व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 27.3 किलोग्राम (60.1 पाउंड) पनीर का सेवन करता है, जिसमें से लगभग 3/4 से फेटा पनीर होता है। दूसरे स्थान पर फ्रांस और तीसरा आइसलैंड है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में सबसे महंगी पनीर को पुले पनीर कहा जाता है। यह सर्बिया से बाल्कन गधी के दूध से बना होता है, और $ 600 प्रति पाउंड लागत आती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की, वैज्ञानिकों ने सफलतापूर्वक पैर की उंगलियों और नाभि से एकत्र मानव बैक्टीरिया का उपयोग करके पनीर का निर्माण किया है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# अयहिका-सुतीर्था ने एशियन टेबल टेनिस में ब्रॉन्ज दिलाया



## 52 साल के टूनार्मेंट इतिहास में पहली बार भारत को विमेंस डबल्स में मेडल

### लगातार तीन गेम में हारी भारतीय जोड़ी

सेमीफाइनल में सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका की भारतीय जोड़ी को लगातार तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा। जापानी जोड़ी ने पहला गेम 11-4 से जीता। 0-1 से पिछड़ने के बाद भारतीय पैडलर्स ने वापसी करने का प्रयास किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरे और तीसरे गेम में भारत को 9-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

**कजाखिस्तान।** भारतीय पैडलर अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप की विमेंस डबल्स कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। टूनार्मेंट के 52 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है, भारत को टीम इवेंट के अलावा किसी कैटेगरी में मेडल मिला है।

कजाखिस्तान के अस्ताना में खेली जा रही चैंपियनशिप में रविवार को भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल मुकाबले में मिवा हारिमोटो और मियु किहारा की जापानी जोड़ी के खिलाफ से 0-3 की हार झेलनी पड़ी। इसतरह इंडियन पेयर को ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा। 1972 से इस टूनार्मेंट का आयोजन एशियन टेबल टेनिस संघ कर रहा है। इससे पहले, टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ एशिया इस प्रतियोगिता का आयोजन कराता रहा है। टूनार्मेंट 1952 में हुआ था।

क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया को हराया भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडिलस्ट साउथ कोरिया की जोड़ी को किम नायोंग और ली यून्हे को 3-1 से शिकस्त दी। सुतीर्था और अयहिका ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साउथ कोरियाई जोड़ी को 10-12, 11-7, 11-9, 11-8 से हराया।

भारतीय जोड़ी को पहले गेम में 10-12 से हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की और साउथ कोरिया की जोड़ी को 11-7 से हराया। वहीं तीसरे गेम को 11-9 और चौथे गेम को 11-8 से हराया।

मानव और मानुश अंतिम-16 में पहुंचे पुरुष एकल में भारत के मानव ठक्कर ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी दक्षिण कोरिया के जैंग वूजिन को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, मानुष शाह ने दक्षिण कोरिया के नंबर 23 खिलाड़ी जेहयूएन को 3-0 से हराया और अंतिम-16 में पहुंचे।



# रोनाल्डो ने 906वां करियर गोल दागा

## पुर्तगाल की जीत में निभाई अहम भूमिका, स्पेन ने डेनमार्क को हराया

**पुर्तगाल।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकॉर्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूनार्मेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था। यह रोनाल्डो के करियर का 906वां गोल रहा।

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र ज़िलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने जगरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन जुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं। डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

# तिलक वर्मा इमर्जिंग एशिया कप में इंडिया-ए के कप्तान होंगे: भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से



**मुंबई।** मेंस टी-20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए तिलक वर्मा को इंडिया-ए का कप्तान बनाया गया है। तिलक वर्मा भारत के लिए चार वनडे और 16 टी-20 खेल चुके हैं। इंडिया-ए में उनके अलावा भारत से खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर को भी जगह दी गई हैं। टूमार्मेंट की शुरूआत 18 अक्टूबर से होगी।

आईपीएल-2024 में शानदार प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों को भी टीम में दी गई है इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया-ए टीम में आईपीएल 2024 में प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष बदोनी, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, अनुज रावत और आर साईं किशोर को भी जगह दी गई हैं। आयुष बदोनी- लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने क्ढछ 2024 में खेले 14 मैचों में 29.38 की औसत से 171 रन बनाए थे। अपनी पारी में दो फिफ्टी भी लगाई थी। नेहाल वढेरा- मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले नेहाल ने आईपीएल 2024 में खेले 6 मैचों में 129.76 की स्ट्राइक रेट से 109 रन बनाए हैं।

प्रभसिमरन सिंह-पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने आईपीएल 2024 में खेले 14 मैचों में 156.81 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए। उन्होंने 2 फिफ्टी भी लगाई। अनुज रावत- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2024 के खेले 5 मैचों में 127.27 की स्ट्राइक रेट से 98 रन बनाए हैं। आर साई किशोर-गुजरात टाइटंस के इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2024 में खेले 5 मैचों में 9.13 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की और 7 विकेट लिए। घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी टीम में मिली जगह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों निशांत सिंधु के साथ-साथ तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और तेज गेंदबाज आकिब खान को भी मौका दिया गया है। इसके अलावा आईपीएल खेल चुके ऋतिक शौकिन और वैभव अरोड़ा को भी टीम में जगह दी गई हैं। पिछला फाइनल हारा था भारत भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूनार्मेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। इसके पिछले पांच सीजन वनडे फॉर्मेट में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका पहला सीनज अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीतता आ रहा है। 2023 में पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में हराया था।

# मुंबई इंडियंस से जुड़ सकते हैं पारस म्हाम्ब्रे: टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को कोचिंग दे चुके हैं



**मुंबई।** पूर्व भारतीय कोच पारस म्हाम्ब्रे इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन में मुंबई इंडियन के साथ जुड़ सकते हैं। वे इस साल के अंत में होने जा रहे मेगा ऑक्शन में भी मौजूद रह सकते हैं।

रिपोर्ट्र्स में दावा किया जा रहा है कि पारस जल्द ही आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजीज में शुमार टकसे जुड़ने वाले हैं, हालांकि फ्रेंचाइजी ने अब तक कोई अनाउंसमेंट नहीं की है। पारस 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के बॉलिंग कोच रहे हैं।

राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर राजस्थाना के कोच पिछले महीने राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर राजस्थान रॉयल्स के साथ जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने 20 सितंबर को दोनों भारतीय कोच को अपने साथ जोड़ने का ऐलान किया था। द्रविड़ और राठौर की कोचिंग में भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। पारस खिलाड़ी से ज्यादा बतौर कोच सफल हुए पारस म्हाम्ब्रे ने भारत के लिए 2 टेस्ट और 3 वनडे खेले हैं। उनका फर्स्ट क्लास करियर शानदार रहा, लेकिन इंटरनेशनल लेवल पर उन्हें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली। पारस के बारे में कहा जाता है कि वे एक खिलाड़ी से ज्यादा प्रतिभाशाली कोच हैं।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर, शाहीन और नसीम पर गिरी गाज, इंग्लैंड के खिलाफ शेष टेस्ट मैचों से बाहर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पर गाज गिर गई है और उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अगले दोनों टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान को मुल्तान में खेले गए पहले मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा था। यह माना जा रहा था कि नई चयनसमिति की सलाह पर बाबर को बाहर बैठाया जा सकता है। समिति की पहले मैच में हार के बाद शुक्रवार को लाहौर में बैठक हुई थी। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा फैसला लेते हुए बाबर को दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया।

बाबर के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को भी बाहर किया गया है। चयन समिति की शुक्रवार के बाद फिर शनिवार को मुल्तान में बैठक हुई थी जिसमें पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी शामिल हुए। इसके अलावा तीन साल के करार पर नियुक्त किए गए पांच मेंटर भी इस बैठक में मौजूद थे। पहले मैच में हार के बाद पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने बाबर का समर्थन किया था और उन्हें पाकिस्तान का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया था। मसूद ने कहा था कि खिलाड़ियों को समय देने की जरूरत है। ऐसा ही कुछ कोच जेसन गिलेस्पी ने भी किया था। बाबर ने दिसंबर 2022 के बाद से कोई टेस्ट अर्धशतक नहीं बनाया है।

इन खिलाड़ियों के बदले टीम में हसीबुल्लाह, मेहरान मुमताज, कामरान गुलाम को टीम में जगह मिली है। पुरुष राष्ट्रीय चयनसमिति के सदस्य आकिब जावेद ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए टीम का चयन करना चयनकताओं के लिए एक चुनौतीपूर्ण काम रहा है। हमें वर्तमान खिलाड़ियों की फॉर्म, सीरीज में वापसी और पाकिस्तान के 2024-25 अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मांग पर सावधानीपूर्वक विचार करना होगा। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए और पाकिस्तान क्रिकेट के साथ-साथ खिलाड़ियों के सर्वोत्तम हित में, हमने बाबर आजम, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीद को आराम देने का निर्णय लिया है।

नई समिति में आकिब जावेद, असद शफीक, अजहर अली, पूर्व आईसीसी अंपायर अलीम डार, हसन चीमा और कप्तान तथा मुख्य कोच शामिल हैं। समझा जाता है कि मसूद और गिलेस्पी शुक्रवार को हुई बैठक में शामिल नहीं थे। चयनकताओं ने कप्तान और कोच के साथ-साथ पीसीबी क्यूरेटर टोनी हेमिंग से मिलने के लिए शनिवार को मुल्तान की यात्रा की। माना जा रहा है कि शनिवार को हुई बैठक में कुछ मेंटर बाबर को टीम में बनाए रखने के पक्ष में थे, लेकिन बहुमत की राय टीम से बाहर करने के पक्ष में थी।

## भारत के सामने होगी ऑस्ट्रेलिया की कठिन चुनौती, सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए लगाना होगा जोर



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम का टी20 विश्व कप में रविवार को सामना कई बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो की तरह होगा जिसमें उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के साथ अभियान की शुरूआत की थी, लेकिन उसने अगले दो मैच जीते जिससे नॉकआउट दौर में पहुंचने की संभावना प्रबल कर ली थी। हालांकि, भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है, लेकिन एलिस हीली की अगुआई वाली टीम चोट से जूझ रही है जिसका भारतीय टीम फायदा उठा सकती है। ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों में छह अंक है और उसका नेट रनरेट प्लस 2.786 है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया है जबकि बाकी स्थान के लिए भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान दौड़ में है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पाकिस्तान को हराया, लेकिन कप्तान एलिसा हीली फील्डिंग के दौरान पैर में चोट लगा बैठी और तेज गेंदबाज टायला व्लाएमिंक के कंधे की हड्डी खिसक गई। रविवार के मुकाबले में उनका खेल पाना मुश्किल है। हीली अगर नहीं खेलती हैं तो ऑस्ट्रेलिया को नया कप्तान, विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज तलाशना होगा। बेथ मूनी विकेटकीपिंग कर सकती हैं, जबकि उपकप्तान ताहलिया मैकग्रा को कप्तानी सौंपी जा सकती है।

# भारत ने चौकों-छक्कों से 232 रन बनाए टी-20 में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया, भारतीय विकेटकीपर की पहली सेंचुरी, 15 रिकॉर्ड्स





**हैदराबाद।** भारत और बांग्लादेश के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 में 15 रिकॉर्ड्स बने। भारतीय टीम ने पारी में 22 छक्के और 25 चौके लगाकर 232 रन बनाए, जो बाउंड्री के सहारे एक पारी में बने सबसे ज्यादा रन हैं। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 297 रन बनाए, यह टेस्ट प्लेइंग टीमों में हाईएस्ट टी-20 स्कोर रहा। यह भारत का हाईएस्ट टी-20 स्कोर भी है।

संजू सैमसन ने 40 गेंदों पर सेंचुरी लगाई, वह टी-20 में सेंचुरी लगाने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बने। यह भारत के लिए दूसरी फास्टेस्ट सेंचुरी भी रही। भारत ने पावरप्ले में अपना बेस्ट स्कोर भी बनाया।

### स्टोरी में भारत-बांग्लादेश तीसरे टी-20 के टॉप रिकॉर्ड्स...

भारत ने अपना बेस्ट टी-20 स्कोर बनाया टीम इंडिया ने हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 6 विकेट खोकर 297 रन बना दिए। यह भारत का बेस्ट टी-20 स्कोर है, इससे पहले टीम ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 260 रन बनाए थे। यह टेस्ट प्लेइंग टीमों में भी बेस्ट स्कोर रहा। अफगानिस्तान ने 2019 में टी-20 मैच में आयरलैंड के खिलाफ 278 रन का स्कोर बनाया था। टॉप टीमों में भी यह बेस्ट स्कोर रहा, इंग्लैंड ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 267 रन बनाए थे। टी-20 में हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है, टीम ने 2023 में एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे।

बाउंड्री के सहारे सबसे ज्यादा रन भारत ने अपनी पारी में 22 छक्के और 25 चौके लगाए। यानी टीम ने 47 गेंद पर बाउंड्री से ही 232 रन बना दिए। यह किसी भी टी-20 पारी में बाउंड्री के सहारे बने सबसे ज्यादा रन है। पंजाब ने पिछले साल भारत के घरेलू टूनार्मेंट में आंध्र प्रदेश के खिलाफ बाउंड्री से 216 रन बनाए थे। इंटरनेशनल में नेपाल ने बाउंड्री के सहारे मंगोलिया के खिलाफ 212 रन बनाए थे।

एक पारी में सबसे ज्यादा बाउंड्री भारत ने अपनी पारी में 47 बाउंड्री लगाईं, यह एक टी-20 पारी में लगीं सबसे ज्यादा बाउंड्री का रिकॉर्ड भी रहा। इससे पहले 2019 में चेक रिपब्लिक ने तुर्किए के खिलाफ 43 बाउंड्री लगाई थीं। पंजाब ने भी पिछले साल आंध्र प्रदेश के खिलाफ 43 बाउंड्री ही लगाई थीं।

भारतीय पारी के 20 में से 18 ओवर ऐसे जिसमें 10 या ज्यादा रन बने भारत ने पारी के पहले ओवर में 7 और 9वें ओवर में 9 रन बनाए। इसके अलावा, टीम ने सभी 18 ओवरों से 10 से ज्यादा रन बटोरे। एक टी-20 पारी में यह सबसे ज्यादा 10 प्लस रन के ओवर का रिकॉर्ड रहा। बांग्लादेश से दोनों बार मेहदी हसन ने ही 10 से कम रन दिए। 2016 में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ 17 ओवरों में 10 प्लस रन बनाए थे।

संजू सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर भारतीय टीम के ओपनर विकेटकीपर संजू सैमसन ने 40 ही गेंद पर शतक लगा दिया। वे 47 गेंद पर 111 रन बनाकर आउट हुए, इस पारी में 11 चौके और 8 सिक्स शामिल रहे। वह टी-20 में सेंचुरी लगाने वाले भारत के पहले ही विकेटकीपर बने। इससे पहले 2022 में ईशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ 89 रन का बेस्ट स्कोर बनाया था।

भारत से सेकेंड फास्टेस्ट सेंचुरी संजू सैमसन की 40 गेंद पर सेंचुरी भारत के लिए दूसरी सबसे कम गेंदों पर सेंचुरी रही। उनसे पहले 2017 में रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ 35 ही गेंदों पर शतक लगा दिया था।

शुरूआती 10 ओवर के बाद बेस्ट स्कोर भारत ने हैदराबाद में शुरूआती 10 ओवर में एक ही विकेट खोकर 152 रन बना दिए। यह शुरूआती 10 ओवर के बाद टीम का बेस्ट स्कोर रहा। इससे पहले शुरूआती 10 ओवर के बाद भारत का बेस्ट स्कोर 2017 में बना था, तब टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 117 रन बनाए थे। ओवरऑल यह 10 ओवर के बाद तीसरा बेस्ट स्कोर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसी साल स्कॉटलैंड के खिलाफ 9.4 ओवर में 156 रन बनाए थे। वहीं, एस्टोनिया की टीम 2024 में साइप्रस के खिलाफ 4 विकेट पर 154 रन बना चुकी है।

मिडिल ओवर्स में भी 152 रन बनाए भारत ने 7 से 16 ओवर के बीच मिडिल ओवर्स में 2 विकेट खोकर 152 रन बनाए। यह टी-20 पारी के मिडिल ओवर्स में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 1 विकेट खोकर 163 रन बनाए थे। टेस्ट प्लेइंग देशों में यह बेस्ट स्कोर रहा। भारत ने फास्टेस्ट टीम सेंचुरी लगाई टीम इंडिया ने अपने 100 रन 7.1 ओवर में ही पूरे कर लिए थे। यह टी-20 इंटरनेशनल में भारत की फास्टेस्ट टीम सेंचुरी का रिकॉर्ड भी रहा। इससे पहले 2019 में टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 ओवर में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेंचुरी पूरी की थी।

पावरप्ले में अपना बेस्ट स्कोर बनाया भारत ने पावरप्ले के 6 ओवरों में 1 विकेट खोकर 82 रन बनाए। यह टीम का बेस्ट पावरप्ले स्कोर भी रहा। इससे पहले 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 82 रन ही बनाए थे।

भारत ने एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाए भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 22 छक्के लगाए, यह टी-20 में टीम इंडिया की ओर से एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड है। इससे पहले 2017 में टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 21 छक्के लगाए थे। मेंस टी-20 में नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ एक पारी में 26 छक्के लगा रखे हैं। टेस्ट प्लेइंग टीमों में भारत ने अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका की बराबरी की।

भारत ने सबसे ज्यादा 200 प्लस स्कोर बनाए टीम इंडिया ने सीरीज में दूसरी बार और टी-20 में 37वीं बार 200 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया। यह टी-20 क्रिकेट में किसी एक टीम से सबसे ज्यादा 200 प्लस स्कोर का रिकॉर्ड है। भारत ने इंग्लिश टीम समरसेट का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 36 बार टी-20 में 200 प्लस स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है। भारत ने 14 ओवर में 200 रन बनाए टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ 14 ही ओवर में अपने 200 रन पूरे कर लिए। यह टी-20 पारी में सेकेंड फास्टेस्ट टीम डबल सेंचुरी रही। पिछले साल साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13.5 ओवर में 200 रन बनाए थे।

सैमसन ने लगातार 5 छक्के लगाए संजू सैमसन ने रिशाद हुसैन के खिलाफ पारी के 10वें ओवर में लगातार 5 छक्के लगाए। वह पहली गेंद पर ही सिक्स लगाने से चूक गए, उन्होंने फिर हर गेंद पर सिक्स लगाया। टी-20 के एक ओवर में यह किसी भारतीय बैटर से लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के रहे। 2007 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ लगातार 6 छक्के लगाए थे।



# नोएडा में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए जारी होगी आरएफपी :561 लोकेशन पर लगाए जाएंगे 2100 कैमरे, 212 करोड़ होंगे खर्च, अलग बनेगा कंट्रोल रूम



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए अगले सप्ताह आरएफपी जारी की जाएगी। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सेफ सिटी से संबंधित सभी कागजी दस्तावेज का काम पूरा किया जा चुका है। कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा। कंपनी को निर्धारित समय में काम पूरा करना होगा। सेफ सिटी के तहत नोएडा में 2100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक शहर में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 लोकेशन पर अतिरिक्त 2100 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। यह कैमरे नाइट विजन व फेस डिडक्शन कैमरे होंगे, जो इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइएसटीएमएस) के कैमरों से बिलकुल अलग होंगे। मॉनिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, लेकिन सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा।

इस योजना के तहत पुलिस कंट्रोल रूम की तर्ज पर थाने चौकी में भी मॉनिटरिंग स्क्रीन लगाई जाएगी। इन स्क्रीन को कंट्रोल रूम से एक्सेस भी दिया जाएगा, जो वहां पर दो ही घटनाओं पर अलग-अलग कलर में ब्लिंक करेगा। पहली घटना जहां महिला अकेली खड़ी है और दूसरा जहां भीड़ भाड़ के कारण घटना होने की संभावना है। परियोजना के तहत शहर में सेव अवर सोल (एसओएस) भी लगाए गए है, जिसमें आपात काल के समय आप तुरंत पुलिस को किसी भी घटना की जानकारी दे सकते है।

## पुलिस ने दी है 561 लोकेशन



सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग ने दी। उसमे बाजार, सरकारी निजी स्कूल, ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटरनोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संचालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा।

## 212 करोड़ का है प्रोजेक्ट

सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ये पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। एक सप्ताह में आरएफपी प्रक्रिया की जाएगी। चुनी जाने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टॉल करना, ऑपटिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग की ट्रैनिंग देना होगा। इस को 6 से 9 महीने में पूरा किया जाएगा। संभवतः ये योजना 2025 तक पूरी होगी।

## बदमाशों को पकड़ना आसान



बदमाशों का डाटा पुलिस के पास पहले से है। ऐसे में कोई भी बदमाश यदि इन कैमरों के पास गुजरता है तो उसकी लाइव लोकेशन और पूरा डाटा कंट्रोल रूम में दिखाई देगा। सेफ सिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, पुलिस चौकी, पीआरवी, डायल-112 को जानकारी दी जा सकेगी।

# रेलवे ई-टिकट की कालाबाजारी करने का आरोपी गिरफ्तार

## एजेंट की जगह निजी आईडी से बनाता था टिकट, 55 हजार रुपए की कीमत के 37 टिकट बरामद



एजेंट आईडी की जगह निजी आईडी से रेलवे का बनाता था ई-टिकट

**नोएडा करंट क्राइम।** एजेंट आईडी की जगह निजी आईडी से तत्काल और सामान्य टिकट बनाकर कालाबाजारी करने वाले आरोपी को आरपीएफ दादरी की टीम ने शनिवार को दबोच लिया। आरोपी के पास से 55 हजार रुपए की कीमत के 37 ई-टिकट मिले हैं। गिरफ्त में आए आरोपी के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी मिली है।

आरपीएफ दादरी के प्रभारी निरीक्षक एसके वर्मा ने बताया कि निजी आईडी से रेलवे टिकट बनाकर उसे तय मूल्य से अधिक में बेचने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बीते दिनों इनपुट मिला कि नोएडा के अलग-अलग हिस्से में रेलवे के ई-टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने शनिवार को नगला चरण दास निवासी मुकेश शाह को गिरफ्तार कर लिया। वह कुनाल कम्युनिकेशन का संचालक है और एजेंट आईडी की जगह निजी आईडी से रेलवे का ई-टिकट बना रहा था।

### एक साल में 21 आरोपियों को हो चुकी गिरफ्तारी

इसी सप्ताह ही सेक्टर-18 से भी एक आरोपी को रेलवे के ई-टिकटों की कालाबाजारी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर निजी आईडी से ई-टिकट बना रहा था। बीते एक साल में शहर के अलग-अलग हिस्से से 21 ऐसे आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है जो अवैध तरीके से ई-टिकटों की कालाबाजारी करते हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि टिकटों की कालाबाजारी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। पूरे प्रदेश में इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### टिकट के लिए 300 रुपए अधिक लेता था

इसके लिए ग्राहकों से आरोपी 200 से 300 रुपए अधिक लेता था। आरोपी के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है। 12 निजी आईडी से आरोपी टिकट बना रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा एप्पी, कुनालकोमू, दुंडन, रसमुनि, मंगो, शांति और रवि समेत अन्य की निजी आईडी से टिकट बनाए गए। मुकेश बीते तीन साल से ऐसा कर रहा था और उसने करीब तीन लाख रुपए का मुनाफा अभी तक गलत तरीके से कमाया है।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने गोल्ड मेडल जीतकर परचम फहराया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद द्वारा एसएफए चैम्पियनशिप के बास्केटबॉल के सभी वर्गों में गोल्ड मैडल पर कब्जा करके एक बार फिर दिल्ली एनसीआर में अपना परचम फहराया है। इस वर्ष एसएफए चैम्पियनशिप जिसका आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में 5 से 11 अक्टूबर तक किया गया, जिसमें दिल्ली एनसीआर के 525 स्कूलों के 13000 विद्यार्थियों ने कुल 28 खेलों में भाग लिया।
नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद की बास्केटबॉल की प्रत्येक श्रेणियों में कुल 5 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी मैचों को जीतते हुए चारों श्रेणियों में गोल्ड मैडल हासिल किए तथा बास्केटबॉल की ऑवरआल ट्राफी पर भी कब्जा जमाया। नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद को बास्केटबॉल दिल्ली एनसीआर की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल के शतरंज के खिलाड़ियों ने भी इन खेलों में शिरकत की। विहान बग्गा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल अपने नाम किया।

# मोदीनगर में 2 महिलाओं से लूट: पिस्टल और चाकू दिखाकर बाइक सवार बदमाश ने सोने के कुंड़ल उतरवाए, कहा- मार डालूंगा





**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में दो महिलाओं से लूट की गई। घटना निवाड़ी कुसैड़ी मार्ग पर सुबह आठ बजे की है। बाइक सवार बदमाश ने पिस्टल व चाकू के बल पर पांच महिलाओं को बंधक बना लिया। बदमाश दो महिलाओं के कान से सोने के कुंड़ल लूटकर फरार हो गए। कान पटने से एक महिला घायल हो गई। पीड़ित महिलाओं ने निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है। कस्बा निवाड़ी के वार्ड दस निवासी महिला सविता देवी, उर्मिला, मोनिका, दया व मूर्ति खेतों में मजदूरी करने का काम करती हैं।

महिलाएं निवाड़ी कुसैड़ी मार्ग पर कस्बा निवाड़ी निवासी अधिवक्ता जितेन्द्र त्यागी के खेत में धान की कटाई कर रही थी इसी बीच एक बाइक खेत के पास आकर रुकी। बाइक से काले कपडे पहने एक युवक उतरा और महिलाओं से पता पूछने लगा। महिलाओं ने काम करने की बात कहकर पता बताने से मना कर दिया। इसके बाद वह महिलाओं से बीच मिनट तक बात करता रहा। महिलाओं ने बताया कि युवक ने पिस्टल व चाकू निकाल लिया और सभी को एक कोने में बैठने के लिए कहा। इसके बाद बदमाश ने सविता व उर्मिला के कान से सोने के कुंड़ल लूट लिए। मोनिका, दया व मूर्ति ने कुंडल या अन्य जेवरात नहीं पहन रखा था। लूट का विरोध करने पर महिलाओं को मारपीट कर घायल भी कर दिया।

कुंड़ल खीचने से सविता देवी का कान का पर्दा फट गया। बदमाश वारदात को देकर आराम से फरार हो गया। महिलाओं द्वारा चिल्लाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर आए और बदमाश का काफी दूर तक पीछा भी किया। मुरादनगर थानाक्षेत्र में इस तरह से ही चार लूट की घटनाएं हो चुकी है। महिलाओं के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस बदमाश के तलाश करने की बात कह रही है।

# घर के बाहर लगे बिजली के खंभे में करंट




## साहिबाबाद में 5 साल के बच्चे की मौत कर्मचारी ने बताया करंट आ रहा है

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र के लाजपत नगर इलाके में बिजली के लोहे के खंभे में करंट उतर आया। बड़े भाई के साथ पास में खेल रहे 5 साल के बच्चे की भी खंभा छूने से मौत हो गई। हादसे के बाद जांच करने आए बिजली कर्मचारियों ने जांच के बाद बताया कि खंबे में करंट आ रहा है।

थाना साहिबाबाद के लाजपत नगर इलाके में राहुल दीवान अपने परिवार के साथ रहते हैं। राहुल दीवान का 5 साल का पुत्र जय दीवान अपने बड़े भाई के साथ घर के बाहर सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान खेलते हुए वह बिजली के खंभे से टच हो गया।

थाना साहिबाबाद प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही परिवार की कोई तहरीर आती है तो उस पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चे ने भी छुआ बिजली का खंभा



यह बिजली का खंबा लोहे का था। जिसमें करंट आ रहा था। जय नीचे गिर गया, जहां से उसे अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने जय को मृत घोषित कर दिया। जय का अभी नर्सरी में एडमिशन हुआ था और उसने कुछ दिन पहले ही स्कूल जाना शुरू किया था।

# पुण्यतिथि पर डा. राममनोहर लोहिया को दी श्रद्धांजलि



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड स्वरूप पार्क के लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1 में डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर राम दुलार यादव के साथ कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। रामदुलार यादव ने कहा कि डा. राममनोहर लोहिया ने समाजवाद को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया।

मुख्य वक्ता समाजवादी पार्टी के वरिष्ट नेता राम दुलार यादव ने कहा कि डा0 लोहिया, महात्मा गाँधी, कार्लमार्क्स और आधा पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचार से प्रभावित थे। वह शोषण और अन्याय के विरुद्ध एक साथ क्रान्ति बोलने के पक्षधर रहे, उन्होंने सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण के विरुद्ध, नर-नारी समानता, लोकतंत्र की रक्षा के लिए, अस्त्र-शस्त्र के विरुद्ध, सत्याग्रह, जातिप्रथा के खिलाफ तथा पिछड़ों को विशेष अवसर प्रदान करने के लिए, विदेशी गुलामी के विरुद्ध, आर्थिक और मानसिक रंगभेद के विरुद्ध सप्तक्रान्ति का उद्घोष किया, ब्रिटिश सामाज्य के विरुद्ध भारत को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपार कष्ट झेला, देश की अधिकांश जनता तक प्रकाश की किरण नहीं पहुँच पा रही है।

डा राम मनोहर लोहिया के सपनों का भारत बनाने के लिए उनके सुझाये विचार पर ईमानदारी से चलकर लोगों को न्याय दिलाने का अनवरत प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर अवधेश कुमार मिश्र एडवोकेट, अमृतलाल चौरसिया, डा डीके सिंह, ब्रह्म प्रकाश, इंजी धीरेन्द्र यादव, अनिल मिश्र, राम जन्म यादव, शम्भू नाथ जायसवाल, मुनीव यादव, हुकुम सिंह, राम प्यारे यादव, शहनवाज हुसैन, फूलचंद वर्मा, ताहिर हुसैन, सरदार जसविन्दर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि के जन्मोत्सव पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर कमेटी महानगर गाजियाबाद द्वारा भगवान महर्षि वाल्मीकि पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता बुद्धिजीवी बालवीर वाल्मीकि उपस्थित रहे। समिति के सब लोगों ने मुख्य अतिथि का स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर 50 लोगों द्वारा रक्तदान, 70 लोगों द्वारा आई टेस्टिंग और 35 लोगों द्वारा डेंटल कैंप का लाभ उठाया। इस अवसर पर महानगर जन्मोत्सव कमेटी की तरफ से महानगर अध्यक्ष महानगर महामंत्री शक्ति जीनवाल, वाल्मीकि कोषाध्यक्ष मनोज साइसेलाल, महामंत्री नीरज वाल्मीकि, वरिष्ठ नेता संजय, जॉनी जीनवाल, शनि वाल्मीकि, अरुण मेहरा, पीयूष टॉक, कपिल चौहान, शिव वाल्मीकि, तुषार चौहान, जीतू वाल्मीकि, अरुण जीनवाल सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भूमि पर जबरन कब्जे को लेकर हुआ विवाद, पुलिस जांच में जुटी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक को कोर्ट से मुकदमा जितने के बाद भूमि पर कब्जा लेना व कृषि कार्य करना महंगा पड़ा। विपक्षी ने जबरन युवक की फसल को नष्ट कर उसे जान से मारने व भुगत लेने की धमकी दी है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कस्बा फरीदनगर निवासी महेन्द्र ने भोजपुर थाना प्रभारी व एसीपी ज्ञानप्रकाश राय से की है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## मन के रावण को मारने का लें संकल्प



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व क्षेत्र में आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ शांति पूर्वक संपन्न हुआ। लोगों ने दशहरा पूजन कर त्यौहार मनाया। गोविन्दपुरी स्थित महर्षि दयानन्द इंटर कॉलिज मैदान श्री आदर्श रामलीला कमेटी सुचेतापुरी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन के तत्वाधान में दर्जनों की संख्या में कलाकारों ने राम-रावण की लीला का मंचन किया और राम-रावण युद्ध हुआ। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता पं0 रामआसरे शर्मा, अधिवक्ता प्रमोद तंवर व मंजीत कश्यप सुनील पासी, दीपक कश्यप, हर्ष अरोड़ा नीतिन सैन, प्रशांत कश्यप, प्रशात शर्मा, एडवोकेट नीरज कुमार उर्फ काकू, धर्मेंद्र त्यागी सहित अनेक लोग मौजूद रहें।




# क्या रैंकिग रिपोर्ट का पड़ेगा कमिश्नरेट पर असर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों चर्चा हो रही है कि बीते दिनों आई रैंकिंग रिपोर्ट के बाद क्या कुछ चेहरों और सर्किल पर असर देखने को मिलेगा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों जो रैंकिंग रिपोर्ट आई है, उसको लेकर साहब नाराज चल रहे हैं। वहीं बॉटम पांच वाले थाने के प्रभारियों से लेकर वह थाने जिनकी वजह से प्रदेश में भी रैंकिंग पर असर पड़ा है, टारगेट पर आ सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों की ओर से सुनने में आ रहा है कि आने वाले दिनों में इस रैंकिंग का असर कुछ जोन पर अवश्य देखने को मिल सकता है। वहीं कहा तो यहां तक जा रहा है कि पिछले कई दिनों से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम वाला मामला हाईलाइट चल रहा है, इसीलिए रैंकिंग वाली रिपोर्ट को लेकर कोई बड़ा एक्शन अभी तक नहीं हुआ है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से आईजीआरएस वाली रैंकिंग गिरी है, उसको लेकर कमिश्नरेट में कई जिम्मेदार फटकार भी खा चुके हैं। तो कई कार्यालयों को वर्किंग सुधारने का निर्देश भी मिला है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम




गाजियाबाद वाले सूत्रों पर भरोसा करें तो कभी कमिश्नरेट में रैंकिंग के आधार पर थानों के प्रभारियों की कुर्सी छिन भी जाती थीं लेकिन लंबे समय से ऐसा कोई फरमान नहीं दिया गया है। जिस हिसाब से इस बार रैंकिंग को लेकर नाराजगी वाला सीन बना है, उसे देखकर लग रहा है कि कहीं आने वाले दिनों में किसी जोन या किसी सर्किल में कोई कड़ी या बड़ी कार्रवाई न हो जाए। वैसे भी कमिश्नरेट में चर्चा है की दिवाली से पहले कुछ फेस और थानों के प्रभारी के प्लेस बदले जा सकते हैं। देखना होगा की कार्रवाई में कौन शामिल होता है और कौन आशीर्वाद प्राप्त कर ले जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की बीते दिनों आई रैंकिंग रिपोर्ट को लेकर लखनऊ और पुलिस मुख्यालय में भी कई तरीके की चर्चा बीते दिनों सुनाई दी थी, देखना होगा इस रैंकिंग रिपोर्ट का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर क्या प्रभाव पड़ता है। वैसे लास्ट पांच में तीनों ही जोन के थाने शामिल हैं। वहीं टॉप टन में देहात के थानों ने जिस तरीके से डंका बजाया है उसे देखकर लग रहा है कि कोई बड़ी सूचना नहीं आई। वहीं सुनने में आया है कि जिस सर्किल में इन दिनों सबसे ज्यादा टीआरपी रही है वहां से कोई सूचना ना आ जाए।

# हापुड़ में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़: 3 चोरों से 5 बाइक बरामद, 10 हजार में बेचते थे चोरी की बाइक





**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना सिम्भावली पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 बाइक सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। चोर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से बाइक चोरी कर सस्ते दामों में बेचते थे। पुलिस गैंग के अन्य साथियों की तलाश कर रही है। हापुड़ के थाना सिम्भावली पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड्डा नहर पुल के पास से तीन चोरों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से चोरी की 5 बाइकें बरामद की गईं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनिकेत उर्फ अंकित, निवासी बड्डा सिम्भावली, कुलदीप उर्फ सोनू, निवासी बेहलोलपुर नोएडा, और जितेंद्र उर्फ जीतू, निवासी बृजघाट के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक खाली पड़े प्लॉट से तीन और बाइक बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से दुपहिया वाहन चोरी कर उन्हें गांव देहात के इलाकों में 5 से 10 हजार रुपये में बेचते थे।

## पुलिस कर रही है गैंग के अन्य साथियों की तलाश

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस ने इस गिरोह से कुल 5 चोरी की बाइकें बरामद की हैं, जिनमें से दो वाहन हापुड़ और हरिद्वार से चोरी किए गए थे। अन्य वाहनों की पहचान की जा रही है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और इनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

# हापुड़ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़:एक बदमाश गोली लगने से घायल

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने इस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके कब्जे से चोरी की बंदूकें, तमंचा और नगद राशि बरामद की गई है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर पुलिस संदिग्ध लोगों और वाहनों की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश को पैर में गोली लगी, जबकि उसके दो साथी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान शहजाद (घायल), आसिम और प्रवेज उर्फ परवेज के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में इन आरोपियों ने गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में तीन चोरी की घटनाओं और बुलंदशहर से एक बंदूक चोरी करने की वारदात को स्वीकार किया है।

## सम्मान






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रामचरितमानस रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला आयोजन में पूर्ण तरीके से सहयोग करने वाली सिविल डिफेंस टीम का रविवार को सम्मान किया गया। डिवीजन वार्डन रिजर्व हर्ष व डिप्टी डिवीजन वर्जन रवि अग्रवाल की टीम को सम्मानित किया गया। वह क्षेत्र में विभिन्न त्योहारों पर होने वाले कार्यक्रम में सिविल डिफेंस की सहभागिता व योगदान व क्षेत्र में किसी भी समस्या के लिए तीव्रता से कार्य करने मे हमेशा खड़े रहते हैं।

# दो दिन में ऐसी बारिश, बंजर रेगिस्तान भी बना झीलों का घर





## मोरक्को में 50 साल बाद भरी इरिकी झील

**रबात ।** दुनिया के सबसे सूखे और बंजर क्षेत्र माने जाने वाले अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान में 50 साल बाद ऐसी भारी बारिश हुई कि यह जगह हरियाली से भर उठी है। महज दो दिन की बारिश में आमतौर पर बंजर रेत के टीले अब पानी की चादरों के नीचे डूबे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन और असामान्य मौसम परिस्थितियों के चलते ऐसी स्थिति बनी है। नासा ने सैटेलाइट के जरिये सहारा की रेत, आसपास के प्राचीन महलों और रेगिस्तानी वनस्पतियों से बहते पानी की शानदार तस्वीरें कैद की हैं। ताड़ के वृक्षों और रेत के टीलों के बीच अब यह नीले लैगून सा नजर आ रहा है।

मोरक्को की इरिकी झील भी 50 साल बाद पानी से पूरी तरह लबालब है। इससे पहले सहारा रेगिस्तान में 1974 में 6 साल के सूखे के बाद बारिश हुई थी जो बाद में बाढ़ में बदल गई थी।

**24 घंटे में 100 मिमी बारिश :** दक्षिण-पूर्वी मोरक्को में पूरे साल औसतन 250 मिमी से भी कम बारिश होती है।

मगर, सितंबर में ही कई इलाकों में पिछले दो दिनों में असामान्य बारिश हुई है। सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक टाटा में बारिश के बाद अद्भुत नजारा दिख रहा है।

वहीं, राजधानी रबात से करीब 450 किमी दूर दक्षिण स्थित तगौनिट गांव में 24 घंटों में 100 मिमी बारिश हो चुकी है।

# पाकिस्तान सरकार की इमरान खान को चेतावनी

## कहा- एससीओ सम्मेलन में पीटीआई ने किया विरोध तो करेंगे बल प्रयोग

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सरकार ने पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को चेतावनी दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि अगर पार्टी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन किया तो बल प्रयोग किया जाएगा।




पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि सरकार एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगी। 15 अक्तूबर को होने वाला विरोध प्रदर्शन देश की अखंडता पर हमला है। हम किसी को भी देश के सम्मान और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देंगे। इस्लामाबाद पर आक्रमण को रोकने के लिए सरकार अपनी सारी शक्ति और संसाधनों का उपयोग करेगी।

उन्होंने अदालतों से भी मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्या अदालतें यह नहीं देखतीं कि पीटीआई संस्थापक देश की अखंडता के साथ क्या कर रहे हैं? न्यायपालिका की आज की कार्रवाई इतिहास में उनकी भूमिका तय करेगी। योजना मंत्री अहसान इकबाल ने विरोध के आह्वान की निंदा की और इसे राजनीतिक आतंकवाद करार दिया।

उन्होंने कहा कि कराची में आतंकवाद और राजनीतिक आतंकवाद समान हैं। दोनों का उद्देश्य देश को अस्थिर करना है। इकबाल ने कहा कि पीटीआई देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट कर रही है। उन्होंने पार्टी समर्थकों से उनके कार्यों से होने वाले नुकसान को देखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पीटीआई सरकार के आर्थिक सुधार प्रयासों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। इन कार्रवाइयों से हुए नुकसान को स्वीकार करना और पाकिस्तान की वृद्धि और विकास में बाधा डालने वाली समर्थन नीतियों के परिणामों पर विचार करना जरूरी है।

मंत्री ने कहा कि देश विनाशकारी राजनीति बर्दाश्त नहीं कर सकता। सिर्फ इसलिए कि पीटीआई के नेता को जेल में डाल दिया गया है। अराजकता को उचित नहीं ठहराया जा सकता। वहीं कश्मीर मामलों के संघीय मंत्री अमीर मुकाम ने भी पीटीआई के विरोध आह्वान को दृढ़ता से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र-विरोध का प्रमाण है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पीटीआई का एजेंडा पाकिस्तान विरोधी है।

वहीं पीटीआई भी विरोध प्रदर्शन को लेकर पीछे हटने को तैयार नहीं है। पीटीआई के प्रवक्ता जुल्फिकार बुखारी ने कहा कि हम किसी भी विदेशी कार्यक्रम के खिलाफ नहीं है लेकिन मौजूदा सरकार झूठा मामला बनाने की कोशिश कर रही है। सबसे बढ़कर पूर्व पीएम को अपनी कानूनी टीम, डॉक्टर या परिवार से मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## कनाडा में यहूदी स्कूल में गोलीबारी, इस साल यह ऐसी दूसरी घटना

**टोरंटो ।** कनाडा में यहूदी स्कूल में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। जानकारी के मुताबिक, टोरंटो में एक यहूदी स्कूल में शनिवार को फायरिंग की गई। यह इस साल यहूदी स्कूल में दूसरी गोलीबारी की घटना है। बता दें कि कनाडा में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही यहूदी विरोधी हमलों में तेजी देखी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, बैस चाया मुश्का गर्ल्स



स्कूल में सुबह एक वाहन से गोलीबारी की गई। गनीमत रही कि गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। इस दौरान स्कूल की खिड़कियों के शीशे टूट गए। टोरंटो के नॉर्थ यॉर्क इलाके में स्थित स्कूल को मई में इसी तरह की घटना में निशाना बनाया गया था। पुलिस का मानना है कि दोनों गोलीबारी की घटना के तार आपस में जुड़े हुए हैं।

# भारत में भुखमरी में आई कमी, लेकिन अब भी गंभीर श्रेणी में; 127 देशों की सूची में 105वां स्थान

**लंदन ।** वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) में भारत इस बार 127 देशों की सूची में 105वें स्थान आ गया है। पिछले वर्ष 125 देशों में भारत 111वें नंबर पर था और उससे पहले 107वें स्थान पर। यानी इस बार स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन 27.3 अंक के साथ भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले 42 देशों में बना हुआ है। इस सूची में चीन, यूएई और कुवैत समेत 22 देश पहले नंबर पर हैं।

जीएचआई बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। जिस देश का स्कोर जितना कम होगा यानी वहां वहां के लोग उतने कम भूखे हैं। इस रिपोर्ट को आयरलैंड की संस्था कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प मिलकर प्रकाशित करते हैं। जीएचआई की 19वीं रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे हैं, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मुकाबले अच्छी स्थिति में है। इसमें बताया कि गया है कि श्रीलंका 56, नेपाल 68 और बांग्लादेश 84वें स्थान के साथ भारत से कहीं आगे हैं। ये सभी देश बेहतर जीएचआई स्कोर के साथ मध्यम श्रेणी में हैं।



वहीं, 109वें स्थान वाला पाकिस्तान और 116वें स्थान के साथ अफगानिस्तान गंभीर श्रेणी में शामिल हैं।

### युद्ध के कारण गाजा और सूडान में असाधारण खाद्य संकट

जीएचआई के अनुसार, कुछ अफ्रीकी देश खतरनाक श्रेणी के अंतिम छोर पर हैं।

रिपोर्ट में गाजा और सूडान में युद्ध को असाधारण खाद्य संकट का कारण बताया गया है।

# श्रीलंका में दोबारा खोले जाएंगे पुराने हाई-प्रोफाइल मामले, दिसानायके सरकार ने जारी किया फरमान

**कोलंबो ।** श्रीलंका की नई सरकार अब कुछ पुराने हाई-प्रोफाइल मामलों को लेकर सख्त होती हुई दिख रही है। दिसानायके सरकार ने पुलिस को एक बार फिर इन मामलों की जांच करने के आदेश दिए है। इन मामलों में सबसे प्रमुख रूप से 2019 ईस्टर संडे आतंकी हमले और 2005 में तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या शामिल है। बता दें कि पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने पिछले मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था।

### पुलिस प्रवक्ता ने दी जानकारी

श्रीलंकाई सरकार के इस आदेश के बाद पुलिस प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने शनिवार को जानकारी देते हुए कहा



कि मंत्रालय ने कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की फिर से जांच की जानी चाहिए। जिन मामलों की फिर से जांच की जानी है, उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉन्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए तत्कालीन राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सरकार को दोषी ठहराया गया था, और 2019 ईस्टर संडे आतंकी हमले जिसमें 11 भारतीयों सहित 270 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके साथ ही पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कैथोलिक चर्च ने उन हमलों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**इन मामलों को मिलेगी प्राथमिकता**

जिनका आरोप है कि पिछली सरकारों ने राजनीतिक रूप से प्रेरित कवर-अप किया था। जिन अन्य मामलों की जांच की जानी है। इसमें 2005 में तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार डी शिवराम की हत्या और 2006 में एक तमिल अल्पसंख्यक शिक्षाविद का अपहरण और लापता होना शामिल है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो कबीलों के बीच खूनी संघर्ष

## 11 लोगों की गई जान, कई घायल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शनिवार को दो कबीलों के बीच खूनी संघर्ष में 11 लोगों की जान चली गई। वहीं कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में प्रतिद्वंद्वी जनजातियों के बीच गोलीबारी की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद प्रांत के कुर्रम जिले में तनाव बढ़ गया। हालांकि, झड़पों का कारण पता नहीं चल पाया है। वहीं इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी जावेदउल्लाह खान ने बताया कि हिंसा फैलने के साथ ही जिले के विभिन्न इलाकों में वाहनों को निशाना बनाया गया, जिससे कई लोग हताहत हुए।



**अधिकारी ने दी जानकारी :** झड़प के बाद बढ़ते हिंसा को देखते हुए पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंच स्थिति को समान्य करने के प्रयास में लग गई। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारी जावेदउल्लाह खान ने आगे बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और यात्रा मार्गों को सुरक्षित करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

इसके साथ ही पूर्व सांसद और जनजातीय परिषद के सदस्य पीर हैदर अली शाह ने कहा कि जनजातियों के बीच शांति समझौते के लिए मध्यस्थता करने के लिए बुजुर्ग कुर्रम पहुंचे हैं, जिसके बाद उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई गोलीबारी की घटनाएं खेदजनक हैं और इससे स्थायी शांति के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है। बता दें कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लगभग 4 करोड़ लोग रहते है। जो विभिन्न जनजातीय समूहों और पहचानों से आते हैं।

### इससे पहले भी हो चुका है हिंसा

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पहली बार जनजातियों के बीच ऐसी झड़प नहीं हुई है। पिछले महीने एक अन्य घटना में, भूमि विवाद को लेकर सशस्त्र शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच कई दिनों तक चली झड़पों में कम से कम 25 लोग मारे गए थे। हालांकि दोनों समुदाय देश में काफी हद तक शांतिपूर्ण तरीके से साथ-साथ रहते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में, खासकर कुर्रम में, जहां जिले के कुछ हिस्सों में शिया मुसलमानों का वर्चस्व है, उनके बीच दशकों से तनाव बना हुआ है।

**बढ़ती हिंसी की घटना प्रशासन के लिए बनी चुनौती :** जनजातियों के बीच आय दिन बढ़ती झड़प पाकिस्तान सरकार और स्थानिय प्रशासन व्यवस्था के लिए चुनौती के तौर पर बन गई है। इस बीच लगातार क्षेत्र में झड़पों में वृद्धि देखी गई है ।

क्योंकि पिछले महीने ही भूमि विवाद को लेकर सशस्त्र शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच 20 से अधिक लोग मारे गए थे।

२हालांकि दोनों देश में काफी हद तक शांतिपूर्ण तरीके से साथ-साथ रहते हैं।

# अमेरिकी छात्रा के लिए भगवान बने कतर एयरवेज के सीईओ मुसीबत में की ऐसी मदद कि अब हो रही हर ओर तारीफ

**शिकागो ।** कभी-कभी जब आप मुसीबत में फंसे हों और कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद कर दे जिसे आप जानते भी न हों तो वो भगवान से कम नहीं होता। ऐसा ही कुछ अमेरिका की एक छात्रा के साथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ। यहां 20 साल की छात्रा जूलिया जारोस्लावस्की बैंकॉक से यूएस लौटते समय मुसीबतों में फंस गई। दरअसल, जूलिया को भरोसा था कि बैंकॉक से शिकागो लौटते समय आसानी से उसे फ्लाइट मिल जाएगी। लेकिन कतर से दोहा की उड़ान को लेकर बोर्डिंग के आखिर में उसे पता चला कि उड़ान में सीटें नहीं है। जिसके बाद वह परेशानी में पड़ गई। आखिर में वहां उसकी मदद कतर एयरवेज के एक सीईओ ने की।

### लगा था आराम से शिकागो पहुंच जाऊंगी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिकागो की 20 वर्षीय छात्रा जूलिया जारोस्लावस्की ने ईमेल के जरिए बताया कि थाईलैंड से अमेरिका लौटने के दौरान दोहा, कतर के लिए उड़ान भरने के बाद, उसे उसी दिन शिकागो के लिए स्टैंडबाय उड़ान भरने की उम्मीद थी। शुरू में जब उन्होंने एयरलाइन कर्मचारियों के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि उसे घर जाने के लिए उड़ान भरने में कोई समस्या नहीं आएगी। क्योंकि उस वक्त तक दोहा से शिकागो की उड़ान में बहुत सारी सीटें उपलब्ध थीं। लेकिन आखिर में बोर्डिंग के आखिर में एयरलाइन कर्मियों ने उसे बताया कि उड़ान की सारी सीटें भर चुकी हैं। इसके अलावा, बाकी किसी भी उड़ान में सीटें खाली नहीं हैं।




### कॉफी शॉप में मिले कतर एयरवेज के सीईओ

जूलिया ने बताया कि वह बुरी तरह से थक चुकी थी, ये सुनते ही उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। इतना ही नहीं उसकी आंखों से आंसू निकल आए। जिसके बाद उसने बेहतर कनेक्शन वाली वैकल्पिक उड़ानों की खोज शुरू की लेकिन पाया कि आने वाले दिनों में दोहा से शिकागो की उड़ानें पूरी तरह से बुक थीं। ऐसे में बुरी तरह से परेशान जूलिया को एक रात एयरपोर्ट पर ही बितानी पड़ी।

इसी दौरान भूख लगने पर वह एयरपोर्ट पर एक कॉफी की दुकान में गई। वहां उसने खाने के लिए ऑर्डर दिया। इस दौरान उसके चेहरे को देखने से पता लग रहा था कि वह परेशान है, उसकी आंखे डबडबाई हुई थी। खाने के दौरान वह एक ऐसे व्यक्ति से एक सीट दूर बैठी जो उसकी ओर मुंह करके ही बैठा था। जूलिया को परेशान देख उसने जूलिया से परेशानी का कारण पूछा।

जूलिया ने कहा कि इस पर मैनें उससे अपनी परेशानी बताई। इस पर उस व्यक्ति ने खुद का परिचय कतर एयरवेज के सीईओ बद्र मोहम्मद अल-मीर के रूप में दिया और उसकी मदद की पेशकश की।

# 'मैं तुम्हें मार डालूंगी', एयरपोर्ट पर पुलिसकर्मियों से भिड़ी महिला

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के जॉर्जिया में स्थित एयरपोर्ट पर एक महिला एयरपोर्ट पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भिड़ गई। महिला ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी। इसके चलते कुछ देर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी के हालात रहे। हालांकि आखिरकार पुलिस ने महिला को काबू कर हिरासत में ले लिया। पुलिस महिला से पूछताछ में जुटी है, लेकिन अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है कि महिला ने ऐसा क्यों किया।



**महिला ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी। इसके चलते कुछ देर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी के हालात रहे। हालांकि आखिरकार पुलिस ने महिला को काबू कर हिरासत में ले लिया।**

### क्या है पूरा मामला

महिला जॉर्जिया के सवाना/हिल्टन हेड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर थी और डेल्टा एयर लाइंस की फ्लाइट में सफर करने वाली थी। महिला जैसे ही चेक इन काउंटर पर पहुंची तो वह चेक इन काउंटर के पीछे कूद गई और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को धमकाने लगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला पीले रंग का स्वेटर पहने हुए है और वह जोर जोर से चीख रही है। इस पर पुलिसकर्मियों ने महिला को समझाने की कोशिश को तो महिला ने कहा कि मेरे पास मत आओ और बार-बार पुलिसकर्मियों को दूर रहने के लिए कहती रही। जब पुलिसकर्मियों ने महिला को पकड़ने की कोशिश की तो महिला ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि 'मैं तुम्हें मार दूंगी'।

इसके बाद महिला ने इधर-उधर भागना शुरू कर दिया, जिससे एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान महिला को पकड़ने के चक्कर में पुलिसकर्मी गिर भी पड़े।

आखिरकार पुलिस ने महिला को पकड़ लिया। अभी तक महिला की इस हरकत की वजह पता नहीं चली है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

# डॉली शर्मा ने नवनियुक्तों वितरित किए नियुक्ति पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी पर नवनियुक्त पदाधिकारी को डोली शर्मा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं प्रवक्ता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी और कमेटी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। डोली शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि 18 अक्टूबर को जो सम्मेलन होने जा रहा है सभी मिलकर एकता के साथ उसको सफल बनाने का काम करेंगे। महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि महानगर की टीम पूरे जोश और उत्साह के साथ इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएगी। यह वादा हम अपनी नेता डोली शर्मा से करते हैं। महानगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते डॉली शर्मा ने सबको सम्मानित किया।

# सेहत के लिए फायदेमंद है मैराथन बीमारियां रहती हैं दूर: डॉ अनिल तोमर

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के हैबिटेट सेंटर से रविवार को शुरू हुई मैराथन का पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। स्पोर्ट्स हब के अमित मक्कड़ ने अपने रनिंग पार्टनर डेकाथलन प्ले के सहयोग से 'मानसिक स्वास्थ्य के लिए दौड़' का सफल आयोजन किया गया। जिसमें 600 से अधिक उत्साही धावकों ने भाग लिया। दौड़ में तीन श्रेणियों–3 किमी, 5 किमी और 10 किमी–के अंतर्गत धावक शामिल हुए, जो शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकजुट हुए थे।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार तोमर के बताया कि मैराथन का उद्देश्य न केवल शारीरिक फिटनेस को उजागर करना होता है। नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के बीच के महत्वपूर्ण संबंध को भी रेखांकित करना था। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के महत्व पर जोर दिया और प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया। अनुभवी धावकों से लेकर पहली बार दौड़ने वालों तक, सभी ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को दूर करने के लिए एकजुट होकर यह संदेश दिया कि दौड़ जैसी गतिविधियां तनाव और चिंता को प्रबंधित करने में सहायक हो सकती हैं और समग्र मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है।







## हर श्रेणी में शीर्ष तीन-तीन धावक पुरस्कृत

10 किमी दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर अभिषेक, द्वितीय स्थान पर आयुष कुमार और तृतीय स्थान पर अंशुल अग्रवाल रहे। महिला वर्ग में सुनीता देवी ने प्रथम स्थान, हेमा ने द्वितीय स्थान और दीपांशु जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
5 किमी दौड़ में पुरुष वर्ग में शिवा प्रथम स्थान पर, संजय द्वितीय स्थान पर, और इक्की तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में नेहा ने प्रथम स्थान, कंचन सेठी ने द्वितीय स्थान, और उषा पालीवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
3 किमी दौड़ में पुरुष वर्ग में द्वितीय स्थान ऋषभ और तृतीय स्थान कविश बुढ़िराजा ने प्राप्त किया, जबकि प्रथम स्थान रिक्त रहा। महिला वर्ग में काजल कनोड़िया प्रथम स्थान पर, ऋद्धिमा जैन द्वितीय स्थान पर, और रेनू सिंह तृतीय स्थान पर रहीं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष इन दिनों हिदुत्व के मुद्दे पर खूब सुर्खियों में हैं साहब? मगर अभी तक ये क्लीयर नहीं हो रहा, संगठन दे रहा है इस मामले में उनका कितना साथ? सुना है मंदिर में गुजर रहे है आजकल उनके दिन और रात? हम इस मामले में सुनना चाहते हैं भगवा कमांडर का संदेश? क्या वो बतायेंगे कि उदिता दीदी की लड़ाई में साथ है उनके पार्टी के लोगों का भी फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैडम आजकल क्यों हो गई हैं इतना शीतल? हमें पता है उनकी थी किसी वक्त इतनी क्रान्तिकारी आवाज? जैसे जड़ दिया हो सामने वाले ने पीतल? पूरी बोर्ड बैठक के दौरान उन्होंने एक शब्द नहीं बोला श्रीमान? मैडम की होती थी किसी वक्त क्रान्तिकारी तेवरों के लिए चर्चा? ना जाने क्यों खामोश रहने का बनाया हुआ है उन्होंने विचार? क्यों डाल दिये हैं सदन की इस वीरांगना ने अपने हथियार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं एक ऐसी बात, जो आपको कर देगी आपको बहुत ज्यादा हैरान? सुना है शहर विधानसभा की दावेदारी को लेकर 250 बॉयोडाटा प्रदेश कार्यालय पर पहुंचे थे श्रीमान? सुना है इस भीड़ में एक पहलवान ने भी आजमाया था हाथ? उनका भी बॉयोडाटा गया था प्रदेश वालों के पास? एक जातिगत कार्यक्रम में इन्होंने दिखाया था पीछे पूरा जोर? कराया था एहसास कि अच्छा खासा संख्याबल है हमारे पास? अगर हमारे वाले की बात न बने तो ना किया जाये हमको भी इग्नोर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सदस्यता की डगर में मिस्टर डागर भी अपनी मुराद पूरी करना चाहते हैं साहब? ये बजरंगी वाले डागर नहीं है? ये कोई और डागर है जिनकी हम कर रहे हैं बात? सुना है इन्होंने सदस्यता पूरी करने के लिए रखा था विक्लांग प्रकोष्ठ वाले पंडित जी पर हाथ? इनका मामला तो 44 पर ही अटक जाता? अगर वो नहीं निभाते इनका साथ? जब विक्लांग प्रकोष्ठ वाले भैया ने की इनको 66 सदस्यों की फेवर? तब जाकर खुला इनकी सक्रियता सदस्यता का रास्ता? वैसे ये चेहरे दिखा रहे थे एक समय चेयरमैन बनने के तेवर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में मौजूद थे जब सरकार के ही लोग? तब टैक्स का प्रस्ताव क्यों भेजा जाना है सरकार को? इस बात को हम रहे हैं सोच? कहने वाले ने कहा मेयर के साथ सांसद और सांसद के साथ मंत्री थे जब मीटिंग में मौजूद? करा लेते इन्हीं से प्रस्ताव पास? आखिर यही तो चेहरे हैं सरकार का वजूद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात को सभी जानते हैं कि उदिता दीदी से रनिता दीदी की दोस्ती है बहुत ही ज्यादा खास? हम देखते हैं पार्टी के अधिकतर कार्यक्रमों में दोनों नजर आती हैं हमेशा साथ-साथ? मगर जब से उदिता दीदी लड़ रही हैं क्रान्तिकारी लड़ाई? हम देख रहे हैं तब से रनिता दीदी का चेहरा उनके साथ नहीं दे रहा है दिखाई? जब भी हम करते हैं इस बात की चर्चा? तब सामने से हमें दोस्त-दोस्त ना रहा वाला गाना देता है सुनाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से मीडिया वाली मिली है ककक....करन को जिम्मेदारी? तब से उन्होंने व्याकरण की पाठशाला में तैयारी शुरू कर दी है बहुत सारी? शब्दों का लेकर ज्ञान वो अपनी विज्ञप्तियों को और पैनापन देने का बना रहे हैं प्लान? सुना है उन्हें भगवा कमांडर ने भी कर दिया है स्पष्ट? कह दिया है ओजस्वी, यशस्वी और तपस्वी लिखने को लेकर मत रहो अभ्यस्त? विज्ञप्ति में सिम्पली लिखो हमारा नाम? आप काम करो, काम से ही मिलेगी आपको पहचान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे ही सवाल के माध्यम से दे दो आप देने वालों को संकेत? समझने वाले समझदार हैं, वो इतने में ही समझ जायेंगे सारा संदेश? कहने वाले ने कहा धर्म को पालने वालों का समर्थन नजर आ रहा है, पहले पंजाबी और फिर वैश्य चेहरे के साथ? चौधरी साहब ने पहले ब्राह्मण फिर ठाकुर चेहरे को दिया है आशीर्वाद? राष्ट्रीय वालों के यहां पर चल रहा है सिर्फ और सिर्फ ब्राह्मण चेहरे का नाम? हमें पता है आप इस बात को चुनाव से जोड़कर देखेंगे? जबकि ये सवाल कुछ और भी तो हो सकता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब को लेकर कांग्रेस वाली दीदी करेंगी कोई अब प्रेस कान्फ्रेंस? इस बात को लेकर अब हमें हो रहा है डाउट? कहने वाले ने कहा, जो होना था वो उसी दिन हो जाता? अब गेम हो गया है पूरी तरह से मैदान से आउट? कहने वाले ने कहा मुझे पता चली है अंदर से बात? अब प्रेस कांफ्रेंस किसी दूसरे विषय पर ही होगी? ये मामला तो फिलहाल फिनिश हो गया है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम उपाध्यक्ष के एक दावेदार ने दूसरे दावेदार को बता दिया है बहुत ज्यादा मीठा? कहा ये दावेदार फर्जी मुस्कुराहट बिखेर कर बनाता है माहौल? हम इसके एक-एक पैंतरे को समझते हैं? हमें पता है इसकी मीठी मुस्कुराहट का झोल? ये दावेदार सोच रहा है कि यूं मुस्कुरा-मुस्कुरा कर, कर लेगा अपना रास्ता साफ? ये जहां से अपना मामला बनाने की सोच रहा है? हम वहीं से इसका पत्ता साफ करायेंगे? हम क्या हैं इसको नहीं है इस बात का एहसास?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी फेज 2 के जोगर्स पार्क में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा जोगर्स पार्क परिसर से शुरू हुई और शिप्रा सनसिटी फेज 2 फेज 1 के विभन्न ब्लॉक होते हुए वापस जोगर्स पार्क परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया।

कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक आचार्य पपवन नन्दन महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस अवसर पर राम वरुण, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सीपी बालियान पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद संजय सिंह, पूर्व पार्षद कपिल त्यागी, कमलकांत, अविनाश चंद्र, प्रवीण शर्मा, सूचित सिंघल, प्रवीण वाधवा, रोहित भारद्वाज, सुशील कुमार, प्रयास सक्सेना, नुपर अग्रवाल, स्वाति चौहान, कविता सिंह, कविता पालीवाल, निरूपा चमोला, आरती सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ पथ संचलन






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस, विजयादशमी उत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरनंदी महानगर के सुदर्शन भाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका प्रारंभ शस्त्र-पूजन से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवंतिका हॉस्पिटल के चेयरमैन डाक्टर युवराज शर्मा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वयंसेवक बहुत स्वाभिमानी होते हैं और वह अपने लिए कभी कुछ नही माँगते, हमेशा समाज की चिंता करते हैं। मुख्य वक्ता हरनंदी महानगर के सह-कार्यवाह शिवकुमार ने कहा कि समाज का शक्तिहीन होना सबसे बड़ा अभिशाप है इसीलिए बलि हमेशा बकरे की ही दी जाती है शेर की नहीं। उन्होंने आगे कहा कि अपनी शक्ति हमेशा बढ़ाते रहिये क्योंकि कलयुग में संगठन शक्ति ही काम आएगी और जिसके पास बहुमत होता है उसी की सुनी जाती है। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने की अपील की। उन्होंने बताया कि हमारा परिवार संगठित तभी होगा जब हम भगवान राम के चरित्र को जानेंगे। स्वयंसेवकों ने कदम-से-कदम मिलाकर घोष की मधुर ध्वनि पर पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। यह संचलन प्राथमिक विद्यालय अहिंसा खण्ड-2 से प्रारंभ कर आशियाना उपवन, शान्ति गोपाल अस्पताल, जयपुरिया, बिहारी मार्केट से नीति खण्ड, रेल विहार, डीपीएस स्कूल से आकर कार्यक्रम स्थल पर संपन्न किया गया। स्वयंसेवकों की कुल संख्या 945 रही। लगभग 6 किलोमीटर के इस संचलन कार्यक्रम में जगह जगह बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित समाज के बंधुओ ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत पार्षद डॉ अनिल तोमर में कार्यकताओं से साथ अपने कार्यालय पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर प्रदीप, अखिलेश, आशीष, राम वरुण, सर्वेश ऋषभ, विनोद आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने किया पार्क के विकास कार्य का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 की पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों से वैशाली सेक्टर-1 माधव पार्क में घास लगाने के कार्य का पूर्व पार्षद मनीज गोयल, समाजसेवी केएल शर्मा, एस राणा द्वारा नारियल तोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया।

पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान फूल माला पहनाकर किया गया। क्षेत्रवासियों को बताया गया कि यह कार्य एक-दो दिन में संपन्न हो जाएगा तथा क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी निरंतर चल रहे हैं। उन्होंने इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का भी आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि वार्ड में ओर भी विकास कार्य चल रहा है जिनको जल्दी पूरा कर दिया जाए। इस अवसर पर आरके पांडे, शिव शंकर उपाध्याय, योगेश शर्मा, मोहान दास, विजय मलिक, रिटायर्ड डीआईजी रमेश चंद्र, राकेश शर्मा, हरेंद्र विश्वकर्मा, करतार सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, धनीराम, जगदीश नारायण सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, गोपाल गुजराल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिंदूर खेला के बाद मां दुर्गा को किया विदा, सुख-समृद्धि की कामना की



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद क्षेत्र ने दुर्गा पूजा के समापन को लेकर जगह-जगह कार्यक्रम चल रहे हैं। गाजियाबाद काली बाड़ी मंदिर सेक्टर 23 इंदिरापुरम वैशाली, वसुंधरा, शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर, लजपनगर, डेल्टा कॉलोनी कौशाम्बी में सिंदूर खेला के साथ धूमधाम से मां दुर्गा मां को विदाई दी गई। इस सिंदूर उत्सव में महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। सिंदूर सुहाग का प्रतीक माना जाता है। कालीबाड़ी और बंग भवन में सिंदूर खेला के अवसर पर ऐसा लग रहा था जैसे होली का त्योहार हो। सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा की विदाई हुई।

अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दशमी के अवसर पर काली बाड़ी मंदिर के पूजा मंडप में मां दुर्गा को सिंदूर खेला की परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ भावभीनी विदाई दी गई। बंगाली समुदाय की महिलाओं ने इस अवसर पर 'सिंदूर खेला' में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सिंदूर खेला में सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर उनके सुहाग की लंबी आयु और समृद्धि की कामना करती हैं।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोरखपुर स्थित मठ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीते दिनों गाजियाबाद के डासना प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री को पूरे घटनाक्रम और अब तक की कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध करायी है। बताया जा रहा है कि आयुष त्यागी काकड़ा ने इस दौरान कई अन्य विषयों पर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जानकारी देते हुए उनसे मार्गदर्शन लिया है।

# भाईचारा मंच गाजियाबाद की मीटिंग संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाईचारा मंच गाजियाबाद की मीटिंग इंपीरियल फार्म हाउस, हापुड़ रोड गाजियाबाद में रविवार को मंच के संरक्षक व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट नाहर सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन मंच के संयोजक व सी पी आई (एम) जिला सचिव कॉमरेड बी के एस चौहान ने किया। मीटिंग में डासना के देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहा नंद सरस्वती द्वारा 29 सितम्बर 2024 को हिन्दी भवन गाजियाबाद में मोहम्मद पैगंबर व दूसरे समुदाय के खिलाफ दिये गये भड़काऊ भाषण के विरोध में और गाजियाबाद में शांति व्यवस्था बनाकर आपस में भाईचारा कायम रखने के बारे में व्यापक रूप में वक्ताओं द्वारा अपनी राय खुल कर रखी गई। मीटिंग में विचार विमर्श के बाद महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन गाजियाबाद जिलाधिकारी/पुलिस कमिश्नर की ओर से मीटिंग स्थल पर पहुंचे। उनके प्रतिनिधि उप जिलाधिकारी को मंच की ओर से मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती को तत्काल गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए तथा गुंडा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करके भविष्य के लिए जिला बदर किया जाए एवं नफरती भाषण देने वालों पर तत्काल रोक लगाई जाए और भड़काऊ भाषण देने का विरोध करने की वजह से हो रही गलत गिरफ्तारी को रोका जाए तथा गाजियाबाद सहित पूरे प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम की जाए।
मीटिंग को एडवोकेट नाहर सिंह यादव, कामरेड बी के एस चौहान, सी पी आई नेता कामरेड मोहम्मद सईद, एडवोकेट चौधरी जोगिंदर सिंह, सीपीएम नेता ईश्वर त्यागी व त्रिफूल सिंह, बीएसपी नेता जितेंद्र सिंह एडवोकेट, सीपीएम नेता ठाकुरदास, सामाजिक कार्यकर्ता अफजल व राजकुमार शर्मा, आजाद समाज पार्टी के नेता चौधरी सतपाल सिंह व पुष्पेंद्र सिंह, सपा नेता महबूब लारी, असलम कुरैशी, डॉक्टर अबरार, अभिषेक गर्ग, रालोद नेता असलम खान, लोनी विकास मंच अध्यक्ष व सीपीएम नेता जाबिर कुरैशी, सपा नेता जाकिर सैफी, आसपा नेता अतीक अहमद आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सदियों से आपस में मिल जुल कर रहने वाले सभी समुदाय के लोगों के बीच में महंत के भड़काऊ भाषण दिये जाने के बाद भाईचारा खतरे में पड़ गया है। मीटिंग में गाजियाबाद के विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों तथा सभी अमन पसंद लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी जहां समाजिक गतिविधियों में हमेशा आगे नजर आते हैं। वहीं उनका गौ माता के प्रति प्रेम भी सराहनीय है। वे अक्सर नन्दी पार्क एवं गौशालाओं में जाकर गौ सेवा लंबे समय से कर रहे हैं। रविवार को नन्दी पार्क एवं गौशाला पहुंचकर पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने अपने प्रिय पंडित आदेश शर्मा को साथ लेकर नन्दी पार्क का भ्रमण किया और नन्दी और गौमाताओं को चारा वितरण किया। इस मौके पर पंडित राकेश शर्मा, पंडित अमित शर्मा मौजूद थे। पूर्व विधायक की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम ऑफ दे डे।